तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 11.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

# नशे में धुत होने पर क्लब, होटल संचालकों की घर पहुंचाने की होगी जिम्मेदारी

## एसएसपी ने होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा, फार्म हाउस एवं बार संचालकों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल की पूर्व संध्या तथा नए साल में होने वाले आयोजन को लेकर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा, फार्म हाउस तथा बार संचलकों की बैठक ली। बैठक में एसएसपी ने कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही संबंधित संस्थानों को अपने परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम आयोजित करने वाले संबंधित लोगों को एसएसपी ने हर हाल में रात 12 से 12.30 बजे तक प्रोग्राम समाप्त करने निर्देश दिए हैं। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने नववर्ष के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने संचालकों को अपने यहां क्या कार्यक्रम आयोजित होगा, इसका डिटेल देने के साथ ही कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व अनिवार्य रूप से पुलिस की अनुमति लेने निर्देश दिए हैं। साथ ही एसएसपी ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की संख्या के बारे में जानकारी देने निर्देश दिए हैं। जिन संस्थानों में कार्यक्रम आयोजितक होगा, उन संस्थानों के संचालकों को अपने कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

### कार में बार तो होगी कार्रवाई

जो संस्थाना अपने यहां शराब परोसने की व्यवस्था कर रहे हैं, उन होटल संचालकों को अनिवार्य रूप से शराब परोसने लाइसेंस लेने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जहां शराब परोसी जाएगी, वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा, फार्म हाउस एवं बार के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था रखने निर्देश दिए हैं। ढाबा तथा आउटर के होटल, रेस्टोरेंट के बाहर कार में बैठकर शराब पीने वाले लोगों को किसी तरह से खाने-पीने का सामान सर्व नहीं करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार में शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने एसएसपी ने चेतावनी दी है। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार का सूखा नशा पदार्थ पाये जाने पर ऐसे संचालकों के खिलाफ एसएसपी ने कार्रवाई करने चेतावनी दी है।



सुरक्षा के लिए छह सौ पुलिस जवानों की होगी तैनाती

### छह सौ पुलिस जवान के साथ 50 पुलिस पेट्रोलिंग

राजधानी सहित आउटर के थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस के 50 पेट्रोलिंग वाहन रात आठ बजे से लेकर देर रात तक गश्त करेंगे। इसके साथ ही छह पुलिस जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। ऐसी जगह जहां जोखिम रहता है, ब्लू वाटर तथा नदी किनारे एनिकट के पास लोगों को जाने से रोकने पुलिस की व्यवस्था रहेगी।

### धार्मिक स्थलों में बढ़ाई जाएगी पुलिस चौकसी

नए साल के अवसर पर मंदिर तथा अन्य धार्मिक स्थलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए धार्मिक स्थलों में पुलिस व्यवस्था बाढ़ाई जाएगी। साथ ही सुचारु रूप से ट्रैफिक की आवाजाही हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। नए साल के पहले दिन भारी संख्या में लोग राम मंदिर के साथ आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर तथा टाटीबंध स्थित इस्कान मंदिर दर्शन करने जाते हैं। इन चिन्हित स्थानों में सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी।

### ओवर ड्रिंक होने पर घर छोड़ना होगा

एसएसपी ने ड्रंक एंड ड्राइव करने वालों के वाहन जब्त करने के साथ ही गिरफ्तारी की चेतावनी दी है। जिन स्थानों में शराब परोसी जाएगी, उन लोगों को ओवर ड्रिंक करने वालों के लिए रुकने की व्यवस्था करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं। जिनके यहां रुकने की व्यवस्था नहीं है, उन्हें ओवर ड्रिंक करने वालों को घर छोड़ने व्यवस्था करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं। एसएसपी के अनुसार शहर के दो दर्जन स्थानों में जांच की व्यवस्था रहेगी। जिन स्थानों में जांच की व्यवस्था होगी, वहां पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस ब्रीथ एनालाइजर से आने-जाने वाले लोगों की जांच करेगी।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर पति पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**रायपुर।** प्रोफेसर कालोनी निवासी एक सब इंजीनियर महिला ने अपने सब इंजीनियर पति के खिलाफ महिला थाने में दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



नगरीय निकाय के जल संसाधन विभाग में सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ अंजली साहू ने अपने पति पाटन निवासी गौरव साहू, जो पीएचई में सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ है, उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति तथा ससुराल वाले शादी के कुछ समय बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।

### गाली-गलौज से मना करने पर चाकू से हमला



**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्री राम चौक सतबहनिया मंदिर निवासी भरत लाल धनकर ने शुभम यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भरत ने पुलिस को बताया कि रविवार को मोहल्ले के लड़के हल्ला तथा गाली-गलौज कर रहे थे। इस पर वह घर के बाहर देखने निकला। भरत लाल तथा उसके भाई शुभम को गाली-गलौज से मना किया। इस बात से नाराज होकर शुभम ने भरत लाल तथा उसके भाई के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

### गाली-गलौज से रोकने पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर निवासी शिफान अख्तर ने सिद्दीक हरपा उर्फ मेमन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिफान ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में जहां लंगर चल रहा था, वहां वह खड़ा था। इस दौरान सिद्दीक लंगर वाले स्थान पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। शिफान ने सिद्दीक को गाली-गलौज से मना किया। इससे नाराज होकर उसने शिफान के साथ मारपीट की।

### बच्चों के साथ मारपीट अब तक केस दर्ज नहीं

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने आपसी रंजिश के चलते अपने पड़ोसी के खिलाफ मारपीट करने की 14 दिन पूर्व लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने आरोप लगाया है कि लिखित शिकायत दर्ज करने के बावजूद पुलिस ने अब तक अपराध दर्ज नहीं की है। ज्योति चक्रधारी के अनुसार, आपसी रंजिश के चलते उसके पड़ोसी राजू साहू ने उसके 16, 12 तथा 9 साल के बेटे की पिटाई की। पुलिस द्वारा अपराध दर्ज नहीं किए जाने पर महिला ने गृहमंत्री विजय शर्मा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेद के पास लिखित शिकायत दर्ज कराकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आरंग के ग्राम निसदा में फर्शी पत्थर खदानों में अब भी खनन जारी

# फर्शी खदानों के वेस्ट पत्थरों से महानदी के कई तट 200 मीटर तक पट चुके, बंद करने के आदेश की धज्जियां



रायपुर और महासमुंद सीमा से गुजरी महानदी का असित्व खतरे में है। राजधानी रायपुर से करीब 38 किलोमीटर दूर आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में महानदी के तटों को फर्शी खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों से पाटा जा रहा है, जिसके कारण यहां नदी की चौड़ाई भी कई जगह से करीब 200 मीटर तक सकरी हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस गांव की सभी फर्शी खदानों को करीब सालभर पूर्व जिला प्रशासन ने नियमों के विरुद्ध उत्खनन और नदी में वेस्ट पत्थरों को नदी के तटों पर डंप कर नदी और पर्यावरण दोनों को क्षति पहुंचाने के लिए बंद करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद ये खदानें बंद थीं, लेकिन पिछले करीब दो माह से यहां फिर कुछ खदानों में अवैध रूप से फर्शी पत्थरों का न केवल खनन किया जा रहा है, बल्कि वेस्ट पत्थरों को नदी के अंदर तथा तटों पर फिर डंप किया जा रहा है, जिससे नदी की चौड़ाई धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

हरिभूमि सरोकार

निसदा गांव से गुजरी नदी के किनारे 8 से 10 फर्शी की खदानें हैं। इन खदानों के ठेकेदारों ने खदानों में पत्थरों का खनन कराने के साथ उन्हें मशीन से काटने का काम भी कराया जा रहा है। इसके कारण इन खदानों से निकलने वाले वेस्ट पत्थरों को भी ठेकेदारों द्वारा नदी के अंदर या तटों पर डंप किया जा रहा है। इसके कारण नदी की चौड़ाई लगातार कम हो रही है, साथ ही सैकड़ों हरे-भरे पेड़-पौधे भी पत्थरों और मलबे के कारण नष्ट हो चुके हैं। यह सिलसिला एक साल से नहीं, बल्कि तब से चल रहा है, जब से यहां की खदानों को खनन के लिए ठेके पर दिया है।



### एक माह में कराई जानी थी दोबारा जांच

*विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन के बंद कराने का आदेश के बाद कुछ ठेकेदारों ने इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए थे कि खदानों के गुण-दोष के अनुसार खदानों के बंद करने का निर्णय ले। कोर्ट के आदेश के तहत एक माह के भीतर इस मामले में जांच कर निर्णय लिया जाना था, लेकिन कई महीने बीत चुके हैं, इन खदानों की दोबारा जांच तक नहीं की गई। इस तरह इस मामले में कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है।*



### बंद का आदेश के बाद भी खदान में चल रहा अवैध खनन

जिला प्रशासन के बंद के आदेश के बाद भी यहां कुछ खदानें अवैध रूप से चल रही हैं। यहां एक खदान में सोमवार को भी करीब 50-60 मजदूरों के माध्यम से अवैध खनन कराया जा रहा था। इसकी शिकायत होने पर राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक सभी मजदूर कटर मशीनों सहित अन्य सामान को छोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद भी जांच करने पहुंची टीम ने इन मशीनों को जब्ती बनाना छोड़ इस मामले को जांच में लिया है।

### ग्रामीणों का आरोप, सरपंच-अफसरों के साथ ठेकेदार की सेटिंग


अवैध खदान संचालित होने तथा महानदी को पाटने का चल रहा काम के विरोध में गांव के लोग लामबंद हो गए हैं। गांव के लोग इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। गांव के लोगों ने इस मामले की शिकायत खनिज राजस्व विभाग, प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल से लेकर पीएमओ कार्यालय तक कर चुके हैं। इसके बाद भी महानदी को पाटने से रोकने के लिए अब तक कारगर कदम उठाया नहीं गया है।

### विभाग ने सभी खदानों के विरुद्ध पूर्व में बनाए थे प्रकरण

खनिज विभाग ने पूर्व में यहां संचालित सभी खदानों का निरीक्षण कर उनका सीमांकन कराया था। इस सीमांकन में पाया गया था कि जिन खदानों को जितना खसरा रकबा में खनन की अनुमति दी गई है, उससे दो से तीन गुना ज्यादा रकबा में खनन कराया गया है। इसके अलावा खदान का वेस्ट मटेरियल को भी नदी के तटों पर डंप कर दिया गया, जो पर्यावरण नियमों के खिलाफ है। कई खदानों की लीज भी खत्म हो चुकी है। इस आधार पर ही इन खदानों के खिलाफ खनिज विभाग ने प्रकरण बनाए थे, जिसके प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने तत्काल सभी खदानों को बंद करने का आदेश जारी कराया था।

# कर्मचारियों की हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा, स्कूलों में ताले







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेशभर में कर्मचारियों के हितों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदेश सरकार की मोदी की गारंटी योजना को लेकर कर्मचारियों में भारी असंतोष देखा गया, जिसके चलते इंद्रावती भवन से लेकर प्रदेशभर के शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा छाया रहा। अधिकतर स्कूलों में ताले लटके रहे। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी शिक्षक एवं कर्मचारियों और नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने अवकाश लेकर प्रदर्शन किया। नवा रायपुर स्थित विभागाध्यक्ष, निगम, बोर्ड कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कलम बंद कर पूर्ण समर्थन किया।

■ पहले दिन रहा काम ठप

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी के मार्गदर्शन में रायपुर में कलम बंद, काम बंद आंदोलन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। आंदोलन में सभी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ये हैं 11 सूत्रीय मांगें

मोदी की गारंटी अनुसार, प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दी जाए। वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में समायोजित की जाए। राज्य के शिक्षकों, लिपिकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। राज्य में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों और सहायक ▶▶|शेष पेज 13 पर

*चिकित्सा शिक्षा विभाग का बड़ा निर्णय, नियमों में शिथिलता*

# अब 10 परसेंटाइल वाले अभ्यर्थी भी ले सकेंगे बीएससी नर्सिंग में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बीएससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश नियमों में बड़ी शिथिलता देते हुए अब 10 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी प्रवेश के लिए पात्र घोषित कर दिया है। गौरतलब है, नर्सिंग सीटों पर प्रवेश की अंतिम तारीख 31 दिसंबर। कॉलेजों की सीटें अभी भरी नहीं है। हरिभूमि ने एक दिन पहले ही प्रवेश नियमों में बदलाव की संभावना को लेकर खबर प्रकाशित की थी।




भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है। दरअसल, कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2025 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए पहले निर्धारित अंक अनिवार्य थे, लेकिन रिक्त सीटों को भरने के उद्देश्य से परिषद ने पात्रता मानदंडों में छूट देने पर अपनी सहमति जताई है।

### 31 दिसंबर है प्रवेश की अंतिम तिथि

शासन द्वारा नियमों में दी गई यह छूट केवल शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रभावी होगी। प्रवेश प्रक्रिया की समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने आदेश जारी किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में 10 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकते हैं।प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के प्रावधानों के तहत यह रियायत दी जा रही है। सभी संबंधित नर्सिंग कॉलेजों और संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि तक योग्य अभ्यर्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें।

# 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने की बात कही है। खासकर अंबिकापुर, कोरिया, सरगुजा, बलरामपुर जैसे इलाकों में सुबह-शाम ठंड बढ़ने की संभावना है। वहीं अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है, जिससे ठंड कुछ हद तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे ने कहा- जल्द करेंगे मशीनों का उपयोग

# अब मरम्मत के बाद फिर प्लेटफॉर्म पर लौटेंगी सफाई मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेशन की सफाई के लिए खरीदी आधा दर्जन मशीनें कबाड़, मेंटेनेंस के अभाव में अब धूल फांक रही.. शीर्षक से सोमवार के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब रेलवे ने स्पष्ट कर दिया है कि सफाई करने वाली खराब मशीनों की मरम्मत के बाद इसे प्लेटफार्म में उपयोग पर लाया जाएगा। यह मशीन लंबे समय से खराब पड़ी हुई थी।



स्टेशन की सफाई के लिए खरीदी आधा दर्जन मशीनें कबाड़, मेंटेनेंस के अभाव में अब धूल फांक रही

### सभी मशीनों की होगी मरम्मत

प्लेटफार्म में सफाई के लिए सफाई कॉन्ट्रेक्टर ने मशीन खरीद थी। उन मशीनों के खराब होने के बाद इनका लंबे समय तक मेंटेनेंस नहीं हो पाया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अब रेलवे ने मशीनों के मरम्मत किए जाने की बात कही है। आने वाले समय सभी खराब मशीन का मेंटेनेंस कार्य होने के बाद सभी प्लेटफार्म में सफाई के लिए इसका उपयोग किया जाएगा। फिलहाल सिर्फ प्लेटफार्म-1 पर ही मशीन से सफाई हो रही है, जबकि बाकी प्लेटफार्म पर कर्मचारी पारंपरिक तरीके से सफाई कर रहे हैं। बता दें कि बड़ी-छोटी मशीनें अब खराब हो चुकी हैं। कुछ मशीनों के झाड़ू टूट चुके हैं तो कुछ के सीट और गियर में तकनीकी खराबी आ चुकी है। इन सभी को अब ठीक किया जाएगा।

बता दें कि प्लेटफार्म 01 के बाहरी छोर पर स्टेशन पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। इसीलिए 07 राइड ऑन मशीनें जो चारदीवारी के किनारे रखी हुई हैं, वर्तमान में चल रही सफाई कॉन्ट्रेक्टर मेसर्स सीआईएसबी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड मुंबई की हैं। रेलवे ने बताया कि इन मशीनों की मरम्मत चल रही है और मरम्मत के बाद इनका उपयोग प्लेटफार्म की साफ सफाई के लिए किया जाएगा। मशीनों की कोडल अवधि 15 वर्ष होती है, जो कि अभी समाप्त नहीं हुई है।

# भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का एक को केंद्रीय मंत्री शेखावत और सीएम साय करेंगे भूमिपूजन

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल के पहले ही दिन एक जनवरी को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से लगभग 146 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना का भूमिपूजन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव मंदिर परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री शर्मा ने मुख्य मंच एवं बैठक व्यवस्था, जनसमुदाय के बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल सहित आयोजन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भोरमदेव मंदिर परिसर अपनी प्राचीन स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है।



पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। भोरमदेव कॉरिडोर इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करेगा। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन न केवल नए साल की शुरुआत को खास बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। यह परियोजना राज्य के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## खबर संक्षेप



### हितेश तिवारी को अटल तिरंगा सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ के हितेश कुमार तिवारी को वर्ष 2025 का अटल तिरंगा सम्मान नई दिल्ली में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट, निरंतर और प्रेरणादायी योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सैल्यूट तिरंगा संस्था के तत्वावधान में, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। श्री तिवारी को यह सम्मान में ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, सांसद मनोज तिवारी, तथा सैल्यूट तिरंगा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने प्रदान किया।

### एनएसजी ग्रुप कमांडर बनाए गए जितेंद्र शुक्ला



रायपुर। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में छत्तीसगढ़ कैडर के 2013 बैच के आईपीएस जितेंद्र शुक्ला को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें एनएसजी का ग्रुप कमांडर बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव विकासशील को आईपीएस जितेंद्र शुक्ला को यथाशीघ्र कार्यमुक्त करने के लिए पत्र भी भेजा है।

### एक मुश्त समझौता योजना के तहत 49 प्रकरणों में हितग्राहियों को 1.21 करोड़ की मिलेगी राहत




रायपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को बैंक मुख्यालय में संचालक मंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा करते हुए अहम निर्णय लिए गए, जिसमें एक निर्णय संविलित पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के हितग्राहियों से संबंधित 49 प्रकरणों पर एक मुश्त समझौता योजना के तहत उन्हें एक करोड़ 21 लाख रुपए 57 हजार 390 रुपए की राहत देने का लिया है। बैठक में इसके अलावा बैंक की वसूली, अमानत, विनियोजन नीति, बैंक की अधिकृत अंशपूंजी की सीमा में वृद्धि करने, कृषक हित में ई-केसीसी पोर्टल विकसित करने एवं एजेंडानुसार अन्य विषयों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया है। बैठक का संचालन बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पदेन सचिव अपेक्षा व्यास ने किया। बैंक उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप, नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक पंकज येवले, उप आयुक्त सहकारिता के प्रतिनिधि विनय कश्यप, सहायक आयुक्त सहकारिता सतीष अवस्थी, उप संचालक कृषि एवं अपेक्स बैंक के सहायक महाप्रबंधक एलके चौधरी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम अरुण साव ने गिनाई नगरीय प्रशासन विभाग की उपलब्धियां

# पीएम आवास योजना शहरी 2.0 में 1.32 लाख आवास निर्माण होंगे, मार्च तक 50 हजार मकान की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने दो वर्षों में हुए नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा, राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत सभी शहरों में डोर-टू-डोर सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। योजना अंतर्गत कुल 1.32 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य है, जिसमें बीएलसी अंतर्गत एक लाख, एएचपी अंतर्गत 27 हजार एवं 5 हजार रेंटल हाउसिंग सम्मिलित है।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत राज्य में 24,188 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 10 हजार आवास पूरे एवं 5,351 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत मार्च-2026 तक 50 हजार मकान स्वीकृत किए जाएंगे। नगरीय निकायों को आवास निर्माण के लिए 129 करोड़ 6 लाख रुपए जारी किए गए हैं।



### अधोसंरचना मद से निकायों में काम

अरुण साव ने कहा, राज्य में कुल 193 अधिसूचित नगरीय निकाय हैं, जिनमें 14 नगर निगम, 56 नगर पालिका और 123 नगर पंचायत शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्रत्यक्ष प्रणाली से निकाय चुनाव कराया गया। सरकार बनते ही नगरीय प्रशासन विभाग में योजनाबद्ध तरीके से काम किया। 10 नगर निगमों में हमने जीत दर्ज कराई 70 में से 60 वार्डो में जीते। नगरीय प्रशासन में कार्यों की ये जीत हुई। 13 दिसंबर 2023 से कार्य हमने शुरू किया। 2 करोड़ 55 लाख शहरी जनगणना 57.07 लाख 14 नगर निगमों में 63 प्रतिशत आबादी निवासरत है। एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में नगर निगम, 20 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में नगर पालिका और पांच हजार से 20 हजार तक की जनसंख्या वाले शहरों में नगर पंचायत के गठन का प्रावधान है। नगरीय निकाय के अधोसंरचना मद से निकायों में बहुत से काम होते हैं। 1376 करोड़ रुपये इस मद में स्वीकृत किये गए हैं। अगले तीन सालों में करीब 3 हजार करोड़ के काम इस मद से नगरीय निकायों में होंगे।

### केंद्र की अनेक योजनाएं संचालित

केंद्र सरकार की अनेक योजनाएँ संचालित होती है। पीएम आवास योजना 1.0, 2.0, मिशन अमृत 1.0, 2.0 पीएम, ई-बस जैसी योजनाएं शामिल हैं। पांच वर्षीय योजना का कुल लक्ष्य लाभार्थी आधारित है। बीएलसी 1 लाख भागीदारी में किफायती, पीएम आवास योजना शहरी निर्माण की स्थिति 58,999 हितग्राहियों द्वारा स्वयं आवास की पूर्णता की, निकायों में कुल स्वीकृति 206118 आवास हैं।

### स्वाच्छता रैंकिंग में सुधार

नगर पालिका निगम बिलासपुर को 3 से 10 लाख जनसंख्या श्रेणी में दूसरे स्थान डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण राष्ट्रीय औसत 63 प्रतिशत, राज्य औसत 47 प्रतिशत स्वच्छता रैंकिंग में 11 निकायों ने अपने रैंकिंग में सुधार किया। उन्होंने कहा, 2023 में स्वच्छता रैंकिंग में 31 नगरीय निकायों ने सुधार किया था, 2024 में ये संख्या बढ़कर 111 हुई। अमृत मिशन 2.0 का काम तेजी से चल रहा है। अगले तीन साल में इसे पूरा करेंगे।

### निकायों में एक ही जगह बनेंगे सभी तरह के दस्तावेज

सरकार ने सिटी डेवलपमेंट प्लान बनाया है, उसी प्लान के तहत शहरों का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा। निकायों में बूथ बनेगा जहां एक ही जगह सभी तरह के दस्तावेज बन जाएंगे। जल परीक्षण प्रयोगशाला आने वाले वक्त में स्थापित होगी। इंटरनल ऑडिट प्रणाली विकसित की गई है। एनर्जी ऑडिट भी कराया जा रहा है कि निकायों में बिजली का उपयोग किस तरह और कितना हो रहा है, इसकी वजह से करीब 800 से 1 हजार करोड़ की राशि की बचत निकायों को होने वाली है। कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

# बैज बोले- सरकार की दुर्भावना से धान खरीदी बाधित, किसान आत्महत्या करने हो रहे हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी में लगातार हो रहे व्यवधान को सत्ता प्रायोजित षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि यह सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती, इसलिए तरह-तरह से अड़चन पैदा करके बाधित कर रही है। समय पर आरओ जारी नहीं करना, धान का उठाव न होना, केंद्रों पर जाम लगना, सर्वर डाउन, पोर्टल में दिक्कत सहित तमाम तकनीकी खामियों, धान के बफर लिमिट से अधिक जमा होने से सूखना, टोकन कटने में देर, वन पट्टा सत्यापन में समस्या सरकार प्रायोजित षड्यंत्र है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानी हो रही है। उन्हें बिचौलियों को कम दाम पर धान बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है, यह सरकार किसान विरोधी चरित्र है। उन्होंने कहा, टोकन की समस्या से किसान लगातार जूझ रहे हैं, विगत दिनों टोकन के लिए सोसायटी के चक्कर काट कर थक चुके महासमुंद जिले के सेंधभाटा के किसान मनोबोध गाडा ने अपना गला रेत लिया था, कल रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड के बकेली में 15 दिनों से टोकन के लिए भटक रहे किसान कृष्ण कुमार गबेल ने हताश होकर कीटनाशक पी कर आत्महत्या का प्रयास किया। सरकार की अकर्मण्यता और दुर्भावना से किसान बे-मौत मरने मजबूर हैं। टोकन नहीं कटने के कारण किसानो को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी हो रही है, धान खराब होने की आशंका है।



### अव्यवस्था के कारण खुले बाजार में बेचने मजबूर

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा घटाकर कम कर दिया है, इससे सैकड़ों किसानों को लाइन में लगना पड़ रहा है, उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था के चलते किसानों को अपना धान खुले बाजार में औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। वन पट्टा धारक किसानों के खेतों का पंजीयन नहीं किया गया है, सत्यापन में समस्या आने से भी खरीदी प्रक्रिया धीमी हो गई है।

# झीरम कांड : कांग्रेस नेता विकास ने भाजपा नेताओं सहित भूपेश और कवासी के नार्को टेस्ट की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झीरम कांड को लेकर कांग्रेस नेता विकास तिवारी ने झीरम नरसंहार वृहद जांच आयोग के अध्यक्ष सतीश अग्निहोत्री और गुलाम मिन्हाजुद्दीन को पत्र लिखकर भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा, विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, किरण देव, ननकी राम कंवर, अमित जोगी सहित कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कवासी लखमा का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पत्र मैंने कांग्रेस प्रवक्ता होने के नाते नहीं, व्यक्तिगत रूप से जांच आयोग को लिखा है।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि 25 मई 2013 को बस्तर की झीरम घाटी में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले में नक्सलियों का हमला हुआ था। हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, नंद कुमार पटेल, उनके पुत्र दिनेश पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा सहित 27 से अधिक लोगों की निर्मम हत्या की गई थी। उक्त हत्याकांड के साजिशकर्ता एवं अन्य आरोपी खुलेआत घूम रहे हैं। हत्याकांड की सच्चाई देश के समाने लाने तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने झीरम कांड वृहद जांच आयोग का गठन किया था। इसके चेयरमैन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सतीश कुमार अग्निहोत्री एवं सदस्य गुलाम मिन्हाजुद्दीन को बनाया गया। मैं विकास तिवारी अपना साक्ष्य दर्ज करवाने एवं नए सबूत प्रस्तुत करने आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूं। उन्होंने लिखा कि भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा ने 22 दिसंबर को जांजगीर-चांपा में अपने भाषण में कहा था कि मुझे याद है कि मैं छत्तीसगढ़ का भाजपा प्रभारी था, मैंने झीरम घाटी की घटना देखी है। मैं जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि झीरम घाटी की घटना की जानकारी और अंदर की खबर उनके बीच के लोग ही अपने लोगों को मरवाने के लिए लगे हुए थे। नक्सलियों से संपर्क कर रहे थे, झीरम हत्याकांड में कांग्रेस के नेता शामिल थे, मैं उनको जानता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि जगत प्रकाश नड्डा जो झीरम कांड के समय संवैधानिक पदधारी थे, उनके कथन को सही मान रहे हैं। उक्त कथन की जांच की विषय वस्तु हैं।



### पत्र के संबंध में जानकारी लेता हूं : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस नेता के पत्र को लेकर कहा कि अभी मैंने देखा नहीं है। अभी राजधानी से बाहर हूं। अतः कल आकर जानकारी लेता हूं।

### भूपेश-कवासी का नार्को टेस्ट कराया जाए : नलिनीश



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा कि झीरम घाटी की घटना को लेकर हमेशा भूपेश बघेल जानकारी होने और सबूत जेब में लेकर घूमने की बात करते हैं। उनका और कवासी लखमा का नार्को टेस्ट करा लिया जाए, तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### जांच एवं कार्यवाही में करूंगा सहयोग

उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि झीरम कांड का सबूत उनकी जेब में है, जिसे वह जांच आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह कि मुझे बुलाकर परीक्षण किया जाए, जिससे मैं यह बता सकूं कि जगत प्रकाश नड्डा ने और भूपेश बघेल ने यह बयान दिया है। जांच प्रारंभ कर तत्काल मुलजिम को पकड़ें। हर तथ्य की जांच एवं कार्यवाही के लिए सहयोग करने आप के समक्ष प्रस्तुत रहूंगा।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आज आएंगे, लेंगे बैठक, सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह मंगलवार को रायपुर आएंगे। वे यहां पर ठाकरे परिसर में जहां अटल स्मृति आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक लेंगे, वहीं एकात्म परिसर में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन के साथ ही भाजपा के सदस्यता अभियान में 100 से 500 या इससे ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी पर उनके जन्म दिवस से लेकर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। ये कार्यक्रम देश के सभी राज्यों में हो रहे हैं। प्रदेश का भाजपा संगठन भी अलग-अलग आयोजन कर रहा है। अटल स्मृति आयोजन के लिए प्रदेश स्तर के साथ जिलों में भी समिति बनाई गई है। अब प्रदेश समिति की भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह मंगलवार को ठाकरे परिसर में बैठक लेंगे और जानेंगे कि अब तक कहां क्या-क्या कार्यक्रम किए गए हैं और आने वाले समय में कहां क्या कार्यक्रम किए जाने हैं।



### अटल स्मृति सम्मेलन और कार्यकर्ताओं का सम्मान

*शहर जिला भाजपा ने एकात्म परिसर में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को दोपहर एक बजे किया है। इसी के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान में जिले के 100 से 500 सदस्य बनाने वालों को शतकवीर और 500 से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को शक्ति वीर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया ऐसे 500 कार्यकर्ता हैं जिनका सम्मान होगा। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संभाग के प्रभारी राजेंद्र शर्मा के साथ ही शहर के सभी विधायक भी शामिल होंगे।*

स्व. श्री अमरसिंह बरिहा



1 नवंबर 1962 – 30 दिसंबर 2020

आपकी पुण्यतिथि पर
सादर नमन,
अपना आशीर्वाद हम सब
पर सदैव बनाए रखना..

कमल कुमारी देवी (धर्मपत्नी)
आदित्य विक्रम बरिहा - श्रेयसी देवी (पुत्र-पुत्रवधु),
इंद्राणी (पौत्री)

Khanna

## मनमानी राशन कार्ड कटौती पर शहर–ग्रामीण कांग्रेस का संयुक्त प्रदर्शन

# बीपीएल राशनकार्ड कटौती के विरोध में कांग्रेस ने किया खाद्य विभाग का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा गरीबों के हक पर सीधा हमला किया गया है। बिना किसी पूर्व सूचना के प्रदेश के लगभग 30 लाख राशन हितग्राहियों का राशन आवंटन कम कर दिया गया, जो पूरी तरह से जनविरोधी और अमानवीय फैसला है। इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ शहर जिला एवं ग्रामीण कांग्रेस ने खाद्य विभाग कार्यालय का घेराव किया।

कलेक्टोरेट पहुंचे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खाद्य विभाग कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के कार्यकर्ता घंटों तक कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार गरीबों के मुंह से निवाला छीन रही है। ई-केवायसी प्रक्रिया के नाम पर महीनों तक सत्यापन चलाया गया, फिर भी अचानक राशन क्यों कम किया गया? यह गरीबों के साथ अन्याय है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा गरीब प्रभावित हैं। तकनीकी दिक्कतों के कारण हजारों परिवार राशन से वंचित हैं। सरकार तुरंत समाधान करे, अन्यथा आंदोलन तेज होगा।



### तकनीकी दिक्कतों का तुरंत करें समाधान

आज भी प्रदेश में सैकड़ों हितग्राही थंब इम्प्रेशन और केवाईसी से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण राशन से वंचित हैं। कांग्रेस की मांग है कि थंब इम्प्रेशन, केवाईसी और अन्य तकनीकी दिक्कतों दूर करने 15 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। खास बात यह है कि कुष्ठ रोग से पीड़ितों का राशन कार्ड थंब इम्प्रेशन के नाम पर काट दिया गया है। 10 दिन में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो खाद्य मंत्री के बंगले का घेराव उन कटे हुए कार्ड धारियों के साथ किया जाएगा।

### ये थे मौजूद

आंदोलन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम आकाश तिवारी, ममता राय, पूर्व पार्षद रितेश त्रिपाठी, सुंदर जोगी, देव कुमार साहू, दीपा बग्गा, संजय सोनी, जयश्री नायक, जयंत साहू , मनोज कंदोई, जसबीर सिंह ढिल्लन, आकाशदीप शर्मा, प्रमोद मिश्रा, सुनील भुवाल राकेश धोतरे, संदीप तिवारी, दिलीप सिह चौहान, नरेंद्र ठाकुर, अमितेश भारद्वाज, उमेश गुप्ता, मुन्ना मिश्रा, बाकर अब्बास, अविनाय दुबे, सुनील बजारी, बंशी कन्नौजे, राज देवांगन, ऋषि देवांगन, गणेश साहू, आसिफ मेमन, चितरंगा साहू, सुशांत डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कुचिपुड़ी नृत्य स्पर्धा में देवांशी शर्मा ने दी प्रस्तुति



**सिलयारी।** हैदराबाद में 27 दिसंबर को संपन्न हुए कुचिपुड़ी कलाकारों ने एक साथ केदारगौला तिल्लाना की भव्य प्रस्तुति दी है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य कुचिपुड़ी में सिलयारी रेलवे स्टेशन के कर्मचारी सुजीत कुमार की पुत्री व रायपुर केंद्रीय विद्यालय कक्षा 3 में अध्ययनरत देवांशी शर्मा ने हिस्सा लेकर एक साथ केदारगौला तिल्लाना की भव्य प्रस्तुति देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास किया। देवांशी शर्मा की मां खुशबू कुमारी तथा नृत्य शिक्षिका नेहा पटनायक मार्गदर्शन में देवांशी ने कुशलता हासिल की। देवांशी की इस उपलब्धि पर परिवार और शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

### अमेरा में जुआ-शराब पर रोक, दंड का भी प्रावधन

**आरंग।** असामाजिक गतिविधियों से क्षुब्ध व आक्रोशित मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमेरी के ग्रामीणों ने पंचायत व ग्रामीण सभा की संयुक्त बैठक कर ग्राम में चल रहे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। बैठक के पूर्व मनाही के बाद भी इन गतिविधियों में लिप्त कतिपय विघ्नसंतोषी तत्वों को ग्रामीण व्यवस्था के तहत दंडित करने के साथ-साथ में ग्राम में शराब व जुआ सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ-साथ दूकानों से डिस्पोजल गिलास व पानी पाऊच बिक्री पर भी रोक लगा दिया गया है व उल्लंघन करने वालों के लिये दंड का भी प्रावधान किया गया है। किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा के अमेरी पहुंचने पर ग्रामीणों ने यह जानकारी उन्हें दी जिसकी पुष्टि सरपंच सूरज शर्मा व ग्रामीण सभा अध्यक्ष तुलसी राम साहू ने भी की।

### गुरु घासीदास की जयंती अटल कालोनी में मनाई



**आरंग।** आरंग नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत अटल विहार कॉलोनी, आरंग वार्ड नं. 13 में सतगुरु सेवा समिति एवं समस्त सतनामी समाज के तत्वावधान में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य खूबचंद साहू शामिल हुए। डॉ. संदीप जैन ने अपने संबोधन में गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कॉलोनी के विकास में सहयोग की कोई कमी नहीं होगी। इस अवसर पर बीआरसी सुरेंद्र चंद्रसेन, बाबूलाल ढीढी, अटल विहार कॉलोनी के अध्यक्ष संजय चंद्राकर, नरेंद्र लल्ला साहनी, टिकेश्वर धृतलहरे, वीरेंद्र बंजारे, बाबूलाल ढीढी, सुशील अवाड़े, गणमान्यजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**दिवस : कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण कर ली सलामी**

# कांग्रेस का इतिहास सेवा और त्याग का प्रतीक, पार्टी है देश की असली ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



■ देश की आजादी के संघर्ष में कांग्रेस की भूमिका है महत्वपूर्ण

तिल्दा नेवरा में कांग्रेस पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस शहर एव ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा सयुक्त रूप से कांग्रेस पार्टी कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित में समारोह में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा में पार्टी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पार्टी के संस्थापक नेताओं को याद किया। ग्रामीण मंडलअध्यक्ष विजय हरिरमानी ने कहा 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी। उस समय पार्टी का मुख्य उद्देश्य देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराना था। कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ब्रिटिश शासन को कड़ी चुनौती दी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश की असली ताकत है, इसका 140 वर्ष का गौरवशाली इतिहास सदैव त्याग, बलिदान, जनसेवा का प्रतीक रहा है। आज चुनौतीपूर्ण समय में देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस के कंधों पर है।

ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने ।कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है। जरूरत है कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाया जाए और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवदास टंडन ने संबोधन में कहा कि आज के समय में समाज में बढ़ रहे असहिष्णुता, धार्मिक उन्माद, संवैधानिक संस्थाओं में आई गिरावट से कांग्रेस की प्रासंगिकता और कांग्रेस जनों का दायित्व काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास गौरवशाली रहा है।

इस अवसर पर करायाली में कांग्रेस का झंडा फ्रया गया ,कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लक्ष्मी नारायण वर्मा. गजानंद वर्मा .अमजद खान ,अजितेश शर्मा ,कैलाश गांधी,, प्रशांत गुप्ता ,नवीन अग्रवाल , लाला शर्मा.द्वारिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पुलिस दबिश में 1.71 लाख नकद, दो बाइक जब्त और 10 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले में जुआ–सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना आरंग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 28 दिसंबर को थाना आरंग पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भानसोज स्थित खार में कुछ लोग ताश पत्ती से रुपए का हार–जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी आरंग के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। रेड के दौरान जुआ खेलते हुए 10 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 1,71,290 रुपये नगद, 7 दोपहिया वाहन एवं ताश पत्ती बरामद की। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 4,72,000 रुपये बताई गई है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना आरंग में जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जुआ–सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्ती जारी रहेगी और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार आरोपी देवेन्द्र वर्मा पिता नंदलाल वर्मा उम्र 37 साल निवासी ग्राम भानसोज थाना आरंग, वितिक गायकवाड़ पिता नयनदास गायकवाड़ 23 साल निवासी ग्राम भानसोज आजाद चौक थाना आरंग, दिनेश कुमार वर्मा पिता स्व. रामनारायण वर्मा उम्र 40 साल निवासी पिपरहट्ठा थाना मंदिरहसौद, राधेश्याम पिता स्व. रामचरण साहू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम फरफौद थाना आरंग, राहुल गायकवाड़ पिता प्रेमलाल गायकवाड़ उम्र 36 वर्ष साल निवासी ग्राम भानसोज थाना आरंग, पुष्कर साहू पिता अगनू साहू उम्र 36 वर्ष साल निवासी ग्राम फरफौद थाना आरंग, राजू साहू पिता स्व. सुधूराम साहू उम्र 47 वर्ष साल निवासी ग्राम पिपरहट्ठा थाना मंदिरहसौद, कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. जेठूराम साहू उम्र 61 साल निवासी पिपरहट्ठा थाना मंदिर हसौद, नारायण चंद्राकर पिता शिवकुमार चन्द्राकर उम्र 35 साल निवासी ग्राम फरफौद थाना आरंग, दिलेश्वर साहू पिता स्व. फागूराम साहू 32 साल निवासी ग्राम जरौद थाना आरंग है।

## सत्संग सभा में लगाई आध्यात्मिक प्रदर्शनी, एक जोड़े का हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सामाजिक सुधार और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत संगम रविवार को रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में देखने को मिला। कॉलेज चौक स्थित चौबे फार्म में संत सतगुरु रामपाल महाराज के सान्निध्य में आयोजित जिला स्तरीय भव्य सत्संग और दहेज-रहित विवाह (रमैणी) ने समाज के लिए एक नई मिसाल पेश की। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विवाह मात्र 17 मिनट में गुरुवाणी के माध्यम से सादगीपूर्ण विधि से सम्पन्न हुआ, जिसमें न बैंड-बाजा था, न बारात और न कोई फिजूलखर्ची। दोनों पक्षों के बीच बिना किसी दहेज या दिखावे के विवाह संस्कार पूरे किए गए। नवविवाहित जोड़े का परिचय - वर भगत दिनेश दास पिता आशा राम साहू माता उषा बाई साहू, वधू भगतमति भूमिका दासी पिता उमाशंकर साहू श्याम बाई साहू। दोनों परिवारों ने संत रामपाल जी महाराज के मार्ग पर चलते हुए दहेज-मुक्त विवाह कर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। सत्संग में यह बताया गया कि हम कौन हैं, कहाँ से आए हैं और मनुष्य जीवन का क्या उद्देश्य है — इन सभी प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दिए गए। संपूर्ण सृष्टि-रचना की व्याख्या के साथ नशा, दहेज और भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही, इस सत्संग में सर्व धर्मों के पवित्र ग्रंथों — पवित्र गीता, वेद, बाइबल, कुरान और गुरुग्रंथ साहिब — की आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसने लोगों में आपसी एकता और सत्यज्ञान के प्रति नई जागरूकता उत्पन्न की। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के जुलाना बरहा (जिला जींद) से संत रामपाल जी महाराज को प्रदत्त "किसान जीवन रक्षक सम्मान" समारोह का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया।

## पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 200 लाख मंजूर

**अभनपुर।** विधायक इन्द्रकुमार साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए कुल 200 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है जिसमे डोगीतराई सामुदायिक भवन 5 लाख,ढोंढरा मंच निर्माण व शेड के नीचे तल का कांक्रीटीकरण 5 लाख, संकरी शासकीय प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड 5 लाख, भोथीडीह महिला घाट शेड रामसागर तालाब 5 लाख,सारखी अहाता निर्माण व पेवर ब्लॉक 6 लाख,उपरवारा आदिवासी भवन के पास शेड निर्माण 6 लाख,रवेली शीतला तालाब महिला घाट में शेड 5लाख, सुंदरकेरा भारत माता चौक के पास सीसी रोड 5 लाख,छांटा मे देवांगन समाज भवन के पास शेड 6 लाख, तामासिवनी पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में कांक्रीटीकरण 5 लाख,खोरपा दुर्गा चौक भाठापारा में शेड 3 लाख,पोंड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड 5 लाख,टीला वार्ड क्रमांक 16 में कामगार शेड 5 लाख,खोरपा दुर्गा चौक भाठापारा में शेड निर्माण 3 लाख,डोमा अंडरग्राउंड नाली निर्माण 5 लाख,मोखेतरा रामायण चौक के पास अहाता निर्माण 5 लाख,कठिया शीतला तालाब के पास शेड निर्माण 5 लाख,उगेतरा यादव पारा में सामुदायिक भवन 5 लाख,तर्री बजरंग चौक में सामुदायिक भवन 5 लाख,नवागांव (क) पनखट्टी तालाब में शेड निर्माण 5लाख,जौदा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड 6 लाख,जौदी प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड 4 लाख,भोथीडीह (सेमरा) प्रेमलाल साहू घर के पास रंगमंच 5 लाख,भुरका कुंती साहू घर से मुन्ना साहू घर तक सीसी रोड 6लाख वही आरंग विकासखंड के बनचरोदा महिला भवन में अहाता निर्माण 7 लाख,लिंगाडीह (अकोलीकला) साहू पारा में सामुदायिक भवन 10लाख,अकोलीखुर्द मोहन घर से खेमन घर तक सीसी रोड 2 लाख,अकोलीखुर्द पक्की घर से बिसेसर घर तक नाली निर्माण 2 लाख,पाहंदा कबीर साहेब आश्रम के पास सामुदायिक भवन10 लाख,भिलाई साहू पारा में सामुदायिक भवन 10 लाख,मोखला हाई स्कूल में प्रार्थना शेड व पेवर ब्लॉक 10 लाख,पंघी बजरंग चौक में रंगमंच 5 लाख,निसदा सुभाष चौक में रंगमंच सह कक्ष निर्माण 7 लाख,गोईदा भोला निषाद घर से गोठान तक सीसी रोड सह नाली 10 लाख,भलेरा नवरतन रंगमंच के पास रंगमंच 2 लाख,कुम्हारी गोंड पारा में शेड निर्माण 5 लाख की स्वीकृति मिली है।

इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा उक्त विकास कार्यो पर स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो व ग्रामीणो ने विधायक को आभार व्यक्त किया है।

## राजा मोरध्वज महोत्सव जनवरी में, कवि कुमार विश्वास आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ सर्वसमाज की बैठक में मंत्री खुशवंत गुरु ने की घोषणा



धर्मनगरी आरंग की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने एवं इसे नई पहचान देने के उद्देश्य से आगामी 14 एवं 15 जनवरी को भव्य 'राजा मोरध्वज महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। आरंग में आयोजित सर्वसमाज की बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने महोत्सव की आधिकारिक जानकारी साझा की। उन्होंने नगर के सभी सामाजिक प्रमुखों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने हेतु सहयोग की अपील की। दो दिवसीय इस महोत्सव में आरंग की प्राचीन संस्कृति, गौरवशाली विरासत और ऐतिहासिक महत्व की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव के दूसरे दिन 15 जनवरी को सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास अपनी विशेष काव्य प्रस्तुति देंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। इस गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं प्रदेश की कई नामचीन हस्तियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। महोत्सव के दौरान आरंग क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को 'अलंकरण सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही आरंग एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के कलाकारों को अपनी विविध कला विधाओं के प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा— राजा मोरध्वज की यह पावन धरती अपनी दानवीरता और इतिहास के लिए जानी जाती है। इस महोत्सव के माध्यम से हम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना चाहते हैं। मैं आरंग के प्रत्येक नागरिक एवं सामाजिक प्रमुखों से आह्वान करता हूँ कि वे इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाएं और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासन एवं स्थानीय समितियों ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इस आयोजन से न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आरंग की पहचान राष्ट्रीय पटल पर और अधिक सशक्त होगी। बैठक में आरंग के सभी समाजों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस पर गुरु सिंह सभा ने मौन रैली निकाली




**अभनपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर अभनपुर गुरु सिंह सभा द्वारा नगर में मौन रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को साहस, बलिदान और धर्म रक्षा का संदेश दिया गया। आयोजको ने बताया कि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों ने अल्प आयु में ही हिंदू धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश सदैव स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जगजीत सिंह गांधी, मनदीप गांधी, अनमोल गांधी, यश गांधी, गुरमीत सचदेवा, रौमक छाबड़ा, अनमोल सचदेवा, डिम्पल गुलाटी, हिम्मत सिंह, शशि शर्मा, जसबीर कौर गांधी, राजिंदर कौर गांधी,पार्षद गंगा कौर, बबली गांधी, बाबी गुलाटी, बबली गुरुदत्ता, रानी पिपलानी, रश्मि गांधी, बलजीत गांधी, निर्मल छाबड़ा, कुलदीप कौर भाटिया, कंचन कौर, पिंकी दुआ,सिमरन दुआ सहित आदि लोग शामिल हुए।

## कोरासी आंबा के ईसीसी मेले में बच्चों को मिली नई ऊर्जा

**आरंग।** ग्राम पंचायत कोरासी के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 01 में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के बच्चे, कार्यकर्ता, सहायिका एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक सरस्वती सोनी की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आरंग टाकेश्वरी साहू, सरपंच राकेश पटेल, उपसरपंच कृष्ण कुमार साहू सहित पंचगण दुकालू देवांगन, नाथू साहू, हिमांशु साहू, गुमान धीवर, तुका साहू, प्रदीप देवांगन, विजय धीवर, शेखर सिंह, पालकगण एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी की सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच राकेश पटेल ने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि गांव में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बच्चों की नींव मजबूत हो सके। उपसरपंच कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की शुरुआत आंगनबाड़ी से होती है। आंगनबाड़ी की शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है, जहां से शिक्षा और पोषण की मजबूत नींव रखी जाती है।

पेज 11 के शेष...

### 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री...

कम हो सकती है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.8 सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.4 सेल्सियस जगदलपुर में रहा। प्रदेश में इस दौरान कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है और न ही किसी बड़े मौसमी सिस्टम की उपस्थिति है। विभाग ने 30 दिसंबर के लिए भी मौसम के शुष्क रहने का अनुमान जताया है। रायपुर शहर में भी ठंड का असर दिखेगा, जहां सुबह के समय कुहासा छाया रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 27 सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने आम लोगों को गर्म कपड़े पहनने और ठंडी हवाओं से बचाव की सलाह दी है।

### कर्मचारियों की हड़ताल से...

जिलों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। अब नई सहिबों, मोदी के गारंटी लेकर रहिबो नारे के साथ उग्र प्रदर्शन किया गया। आंदोलन में सभी जिलों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। फेडरेशन के पदाधिकारियों को सभी जिला संयोजकों ने सरकार यदि संवाद नहीं करती है ,तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान करने आह्वान किया है। फेडरेशन के आह्वान पर 29 से 31 दिसंबर तक काम बंद, कलम बंद आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है।

### ये हैं 11 सूत्रीय...

पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। इसके अलावा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति दी जाए। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कैशलेस सुविधा लागू की जाए। राज्य में अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने के लिए स्थायी आदेश जारी किया जाए। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ दिया जाए। वहीं राज्य के पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। राज्य के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, अनियमित, दैनिक वेतनभोगी, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए।

**समारोह में प्रतिभावान युवक युवतियों का समाज गौरव सम्मान से सम्मान किया**

# साहू संघ के पदाधिकारियों ने शपथ ली और समाज के विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





तिल्दा-नेवरा तहसील साहू संघ के अधीनस्थ परिक्षेत्रों के नवनिर्वाचितनव पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम परसदा (कनकी) में संपन्न हुआ।मोती लाल साहू कार्यकारी अध्यक्षअखिल भारतीय तैलिक महासभा एवं विधायक, रायपुर ग्रामीण के मुख्य आतिथ्य एवं जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ,कसडोल विधायक संदीप साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे.कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा कुलदेवी माँ कर्मा की पूजा अर्चना की।

समारोह में तिल्दा तहसील साहू संघ संरक्षक पोषण साहू, अध्यक्ष मनीराम साहू. उपाध्यक्ष गिरेन्द्र साहू. महिला उपाध्यक्ष संगीता साहू. संगठन सचिव फगवाराम साहू .संगठन सचिव टिकेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष शिवकुमार अंकेक्षक बलदाऊ साहू सहसचिव रामेश्वर साहू न्याय प्रकोष्ठ संयोजक भागबली साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता साहू छात्रावास प्रभारी त्रिलोचन साहू तहसील मीडिया प्रभारी मोनेश साहू।,बुड़ेरा परिक्षेत्र, सरारीडीह परिक्षेत्र लखना परिक्षेत्र नेवरा इकाई के पदाधिकारियों के साथ किरना रायखेड़ा परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता शपथ दिलाई गई । सपथ लेने के बाद सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने संकल्प लिया । इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावान युवक युवतियों का समाज गौरव सम्मान' से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए मोती लाल साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नए जोश के साथ सभी को साथ लेते हुए समाज के विकास और उपलब्धि के लिए मिलकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि संगठन ही समाज की शक्ति है।उन्होंने युवाओ से आव्हान करते हुए कहा कि युवा साथी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन प्राप्त कर उनके अनुभवों का लाभ लेते हुए अपनी ऊर्जा को सामाजिक में लगाते हुए समाज का विकास करें एवं मानव सेवा हेतु कार्य करने पर दे । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देवनाथ साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए साहू समाज के सतत विकास पर जोर देते नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम को विधायक इन्द्रकुमार साहू विधायक संदीप साहू ने भी संबोधित किया। सम्मान समारोह के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'चिरई के मया पिरित निनवा' की शानदार प्रस्तुति दी गई।

## प्रशिक्षु आईपीएस मानसी ने संभाला पदभार

रायपुर। राजधानी रायपुर में सोमवार को प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी मानसी नानाभाउ साकोरे ने



व्यावहारिक प्रशिक्षण के तहत जिला रायपुर में विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने उनका आत्मीय स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मानसी नानाभाउ साकोरे को अपने प्रशिक्षण काल के दौरान रायपुर जिले में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिस प्रशासन और जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस दौरान वे थानों, पुलिस कार्यालयों और फील्ड ड्यूटी के माध्यम से पुलिसिंग की बारीकियों को समझेंगी।

## निधन

### हाजी गुलाम रजा हैदरी

रायपुर। सुंदर नगर मोमिनपारा



निवासी वरिष्ठ शायर हाजी गुलाम रजा हैदरी (79) का 29 दिसंबर को निधन हो गया। उन्हें सोमवार रात्रि 10 बजे सुपुर्दे-खाक किया गया। वे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी थे एवं उर्दू साहित्यिक संस्था मरकजे अदब के भी सदर थे। वे रिजवान, इरफान एवं फरमान के पिता थे।

### अनुभव दुबे

रायपुर। सिकोला बस्ती दुर्ग



निवासी अनुभव दुबे (28) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 दिसंबर को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल दुबे के पुत्र थे।

### मीरा देवी



रायपुर। ढेबर सिटी, भाठागांव निवासी मीरा देवी (78) का 29 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 दिसंबर को दोपहर 2 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे पत्रकार दीपक सिंह की माता एवं अविराम सिंह की दादी थीं।

### अंद्रियास दास

रायपुर। विश्रामपुर निवासी अंद्रियास



दास (74) का 29 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार विश्रामपुर प्रभु वाटिका में किया गया। वे ऐंजला दास के पति और अमित दास, अरविंद दास, अरूण दास, अजय दास, मधु लाल, अर्चना दास, अमिता दास, अंजलि दास के पिता थे।

### गंगाप्रसाद कठेरिया

रायपुर। शंकर नगर निवासी



गंगाप्रसाद कठेरिया (88) का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया।

### अर्चना त्रिपाठी

रायपुर। कृषि विश्वविद्यालय



परिसर, जोरा निवासी अर्चना त्रिपाठी का 29 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डेयरी एवं फूड टेक्नोलॉजी महाविद्यालय के डीन डॉ. अवधेश त्रिपाठी की पत्नी और देवाशीष, देवव्रत, देवयश की माता थीं।

### ललिता सिसोदिया

रायपुर। पुरानी बस्ती निवासी



ललिता सिसोदिया (68) का 29 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे दीपक सिसोदिया की बुआ थीं।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बना डे केयर सेंटर, नाश्ता-चाय, मनोरंजन सहित कई गतिविधियां होंगी संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के समता कालोनी में सियान गुड़ी योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर का शुभारंभ मंगलवार को होने जा रहा है। इस डे केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिक योग-व्यायाम करने के साथ उन्हें चाय-नाश्ता, मनोरंजन, कौशल विकास गतिविधियां, परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं टेली-कंसल्टेशन, समूह चर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने दिव्यांग बालिका विकास गृह का पुनर्निर्माण कर यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर का निर्माण किया है। इस डे केयर सेंटर के संचालन के पीछे मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को अकेलापन, मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना है। अक्सर देखा जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में बढ़ते अकेलेपन की समस्या के कारण उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अकेलेपन को दूर करने के लिए ही डे केयर सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर में बुजुर्गों को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं सक्रिय वातावरण दिए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके लिए यहां योग एवं व्यायाम, चाय-नाश्ता, मनोरंजन, कौशल विकास गतिविधियां, परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं टेली-कंसल्टेशन, समूह चर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से बुजुर्गों का अकेलापन की समस्या खत्म होगी, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे।

### सियान गुड़ी योजना अंतर्गत समता कालोनी में बने डे केयर सेंटर का शुभारंभ आज




#### सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा संचालित

यह केंद्र प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इस सेंटर में पहुंचने वाले बुजुर्ग जरूर उदासी के साथ आएंगे, लेकिन यहां संचालित गतिविधियों में शामिल होकर वे मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ अपने घर लौटेंगे।

### 20 कंडम गाड़ियों को क्रेन से किया किनारे

# टाटीबंद से पचपेड़ी नाका तक दो सौ से ज्यादा सर्विसिंग सेंटर ट्रैफिक पुलिस ने 89 गाड़ी मालिकों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पचपेड़ी नाका से टाटीबंध सर्विस रोड में ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। ऐसे में सर्विस रोड के दोनों छोर में संचालिक कार तथा बाइक सर्विसिंग के साथ वाश सेंटर वाहन पार्क होने से सर्विस रोड संकरी हो जाती है। रोड संकरी होने की वजह से जाम लगने के साथ आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं घटित होती हैं। ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम की टीम प्रहरी के साथ मिलकर सर्विस रोड में पार्क की गई 89 गाड़ियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही 20 कंडम गाड़ियां जो लंबे अरसे से रोड में खड़ी थीं, उन गाड़ियों को क्रेन की मदद से ट्रैफिक पुलिस ने हटाकर साइड किया।

■ अव्यवस्थित तरीके से पार्क गाड़ियों की वजह से सर्विस रोड रहती है जाम

पचपेड़ी नाका से लेकर संतोषी नगर, भाठागांव सर्विस रोड में दो सौ से ज्यादा कार तथा बाइक सर्विसिंग सेंटर हैं। इनमें सबसे ज्यादा कार सर्विसिंग सेंटर हैं। सर्विसिंग सेंटर में कार, बाइक मरम्मत कराने आने वाले अपनी गाड़ियां छोड़कर चले जाते हैं। सर्विसिंग सेंटर संचालक अपने सुविधानुसार उन गाड़ियों को बिजली खंभा तथा नाली की आड़ लेकर पार्क कर देता है। सर्विस रोड में यात्री बसों का भी संचालन होता है। इस वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है।



#### लगातार कार्रवाई करने से मिलेगी राहत

सर्विस रोड में ट्रैफिक पुलिस को लगातार अभियान चलाकर रोड में खड़ी गाड़ियों की जब्ती करने के साथ ही चालानी कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद सर्विस रोड में लोगों को जाम से राहत मिलेगी। सोमवार को की गई कार्रवाई में टीम प्रहरी ने ने चार फल ठेला के साथ दो हाथ ठेला जब्त किया है। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए कई गाड़ी मालिक ने आनन-फानन में रोड में पार्क गाड़ी साइड की।

#### एक बस के आने से पूरी सर्विस रोड हो जाती है जाम

सर्विस रोड में अव्यवस्थित पार्क की गई गाड़ियों की वजह से रोड में एक बस के गुजरने से ट्रैफिक जाम की स्थित निर्मित हो जाती है, विशेषकर भाठागांव चौक के पास बस को इंटर स्टेट बस टर्मिनल मोड़ते समय रोड ब्लाक हो जाती है। इसके अलावा सर्विस रोड में धमतरी मार्ग से पचपेड़ी नाका होते हुए दुर्ग जाने पूरे दिन माल वाहक वाहनों का अब भी दबाव बना हुआ है। अभनपुर के पास दुर्ग जाने बायपास रोड बनने से थोड़ी राहत जरूर है।

# नए साल में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने पांच बदमाशों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नए साल में किसी भी तरह का हुड़दंग को रोकने सभी थानों के टीआई को अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर तथा मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की शराब तथा गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कोतवाली तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र के दो हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं।

■ गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने 40 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा शराब जब्त किया



पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें कोतवाली थाना क्षेत्र का फरार हिस्ट्रीशीटर रवि साहू के कब्जे से 94 पौवा शराब जब्त की है। इसके अलावा पुलिस ने डीडीनगर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर शिवा नेताम उर्फ बब्बन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो के करीब गांजा जब्त किया है। इन दोनों बदमाशों के अलावा पुलिस ने तेलीबांधा, मौदहापारा थाना क्षेत्र से विशाल यादव उर्फ गंगा, सूरज यादव तथा फिरोज खान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 153 पौवा शराब के साथ 24 बोतल बीयर जब्त की है।

# एनडीपीएस के दो अलग-अलग मामलों में 15 तथा पांच साल कैद के साथ जुर्माना

रायपुर। गोबरा नवापारा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गांजा जब्ती के दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने दो आरोपियों को 15 तथा 5 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपियों को डेढ़ लाख तथा 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राजातालाब के पास तीन वर्ष पूर्व आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार उत्कर्ष सिंह को कोर्ट ने पांच वर्ष कैद के साथ 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पिछले वर्ष 20 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने गोबरा नवापारा बस स्टैंड के पास कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा बंजारे के कब्जे से पुलिस ने 20 किलो गांजा जब्ती की थी। आरोपी गांजा को तस्करी कर लाया था और उसे खपाने की फिराक में कहीं ले जाने की योजना बना रहा था। इस दौरान पुलिस ने कृष्णा को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट ने 15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है।

■ गोबरा नवापारा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस ने की थी कार्रवाई

## बिजनेस साइट

### बालाजी मेडिकल कॉलेज में 'हेलो डायबिटीज' कार्यक्रम, मधुमेह से किया जागरूक



रायपुर। बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'हेलो डायबिटीज- मधुमेह शिक्षा सत्र' का आयोजन मोवा स्थित बालाजी मेडिकल कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मधुमेह के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम रहे। उन्होंने कहा कि मधुमेह तेजी से बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिसे समय पर जांच, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में मधुमेह जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। डॉ. सुनील गुप्ता ने मधुमेह की दवाइयों व इंसुलिन के सही उपयोग पर जानकारी दी, जबकि डॉ. कविता गुप्ता ने संतुलित आहार व जीवनशैली सुधार पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री बालाजी हॉस्पिटल्स समूह के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक रहे।

### अविनाश सोसाइटी क्रिकेट लीग सीजन-5 का भव्य समापन, अविनाश स्मार्ट सिटी विजेता



रायपुर। अविनाश सोसाइटी क्रिकेट लीग का पांचवां सीजन 28 दिसंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय यह रोमांचक टूर्नामेंट 26, 27 और 28 दिसंबर को कांकेर वैली अकादमी में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में अविनाश समूह की विभिन्न सोसाइटी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लीग में अविनाश वन, अविनाश मेट्रोपोलिस (भिलाई), अविनाश स्मार्ट सिटी, अविनाश सन सिटी, अविनाश ट्विनसिटी और अविनाश कैपिटल होम्स सहित कई टीमों ने अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। सभी मुकाबले कड़े संघर्ष और खेल भावना से ओतप्रोत रहे। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अविनाश स्मार्ट सिटी की टीम ने फाइनल मुकाबले में विजय हासिल कर सीजन–5 की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम को अविनाश समूह की ओर से 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन





रायपुर। कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्रों का देश की प्रतिष्ठित फार्मेसी एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों में आकर्षक पैकेज पर चयन हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिमांशु वर्मा एवं हर्षित ठाकुर का चयन बालको मेडिकल सेंटर, रायपुर में बतौर पेशेंट अधिवक्ता के पद पर हुआ है। वहीं विनोद बांदे का चयन अहमदाबाद स्थित ली रेनॉन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में एरिया बिजनेस एग्जीक्यूटिव के रूप में हुआ है। इसके अतिरिक्त विनय साहू का चयन नई दिल्ली स्थित विन मेडिकेयर में ट्रेनी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद पर किया गया है। इस उपलब्धि पर संस्थान प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों ने चयनित विद्यार्थियों को अशेष बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट प्रभारी अतनु भट्टाचार्य एवं स्वप्निल लाल द्वारा दी गई।

### एंजेल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आनंद मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



रायपुर। एंजेल्स स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शाला प्रांगण में रविवार को आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और विविध पकवानों के स्टॉल उपस्थित लोगों का मुख्य आकर्षण बने। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में संस्कारों का विकास, उत्साहवर्धन और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से न सिर्फ अपने हुनर का प्रदर्शन किया, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ को भी हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

### फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया

# हीरो शो-रूम में शार्ट सर्किट से आग, 30 से ज्यादा बाइक चपेट में आकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में व्यास तलाब के पास संचालित हीरो के शोरूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से 30 बाइक जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है, जो बाइक जली हैं वह पुरानी हैं, जिन्हें शोरूम के पीछे खाली जगह पर रखा गया था। आग पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया।

■ खमतराई थाना क्षेत्र की घटना

पुलिस के मुताबिक कार बाइक शोरूम ओम हीरो में आग लगने की घटना हुई है। शाम साढ़े छह-सात बजे के करीब लोगों ने कार शोरूम से धुंआ उठते देखा। इसके बाद कार शोरूम के मालिक को आग लगने की सूचना दी। बताया जा रहा है, आग लगने की घटना शोरूम के पीछे सर्विस सेंटर के पास हुई थी, जो देखते ही देखते भड़क गई।




शोरूम संचालक ने तत्काल फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम जब तक पहुंची, सर्विसिंग सेंटर में खड़ी 30 के करीब बाइक पूरी तरह से जल चुकी थीं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। जहां आग लगी थी, उसके आसपास खाली जगह होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर पहुंच गईं। देर होने पर आग और विकराल रूप धारण कर सकती थी।

# मोती महल होटल के सामने मिली गंदगी, 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कई होटलों के सामने में गंदगी पसरी मिलने पर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग निरीक्षण कर लगातार कार्रवाई करने के साथ उन्हें नोटिस जारी कर हिदायत दे रहा है। इसके बाद भी होटल संचालक गंदगी फैला रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शास्त्री बाजार मार्ग पर मोती महल होटल के सामने गंदगी पसरी मिलने पर उसके संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।




नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी तृप्ति पाणीग्रही ने जोन-4 स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शास्त्री बाजार क्षेत्र में संचालित होटल-दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मोती महल होटल के सामने गंदगी पसरी मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। होटल संचालक को इससे पहले भी नोटिस जारी हुआ है। दुकान के आउटलेट में मिनी एसटीपी निर्माण नहीं होने के कारण यहां गंदगी पसर रही है। निगम ने नोटिस देकर जल्द एसटीपी निर्माण कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी होटल संचालक ने मिनी एसटीपी का निर्माण नहीं कराया है। जुर्माना लगाने के साथ संचालक को दोबारा नोटिस थमाया गया है और जल्द ही एसटीपी का निर्माण कराने कहा है। इस नोटिस के बाद भी अगर निर्देश का पालन नहीं होने पर संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## पेज 11 के शेष...

### 5 दिनों में न्यूनतम तापमान ...

कम हो सकती है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.8 सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.4 सेल्सियस जगदलपुर में रहा। प्रदेश में इस दौरान कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है और न ही किसी बड़े मौसमी सिस्टम की उपस्थिति है। विभाग ने 30 दिसंबर के लिए भी मौसम के शुष्क रहने का अनुमान जताया है। रायपुर शहर में भी ठंड का असर दिखेगा, जहां सुबह के समय कुहासा छाया रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 27 सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने आम लोगों को गर्म कपड़े पहनने और ठंडी हवाओं से बचाव की सलाह दी है।

### कर्मचारियों की हड़ताल से...

जिलों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। अब नई सहिबों, मोदी के गारंटी लेकर रहिबो नारे के साथ उग्र प्रदर्शन किया गया। आंदोलन में सभी जिलों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। फेडरेशन के पदाधिकारियों को सभी जिला संयोजकों ने सरकार यदि संवाद नहीं करती है ,तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान करने आह्वान किया है। फेडरेशन के आह्वान पर 29 से 31 दिसंबर तक काम बंद, कलम बंद आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है।

### ये हैं 11 सूत्रीय...

पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। इसके अलावा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति दी जाए। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कैशलेस सुविधा लागू की जाए। राज्य में अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने के लिए स्थायी आदेश जारी किया जाए।

वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ दिया जाए। वहीं राज्य के पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। राज्य के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, अनियमित, दैनिक वेतनभोगी, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जाए।

**खबर संक्षेप**



## भवन मालिकों पर लगाया 11 हजार 100 रुपए जुर्माना

**रायपुर।** शहर के जोन 10 अंतर्गत निरीक्षण के दौरान नगर निवेश विभाग की टीम ने 24 स्थानों पर भवनों के सामने सड़क पर सीएंडडी वेस्ट मिलने पर उनके मालिकों पर कुल 11100 रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार वीआईपी रोड पर रामराजा मार्ग के पास अज्ञात व्यक्तियों ने नाले को पाटकर जल बहाव को परिवर्तित कर दिया है। इसकी शिकायत पर एसडीएम एवं तहसीलदार कार्यालय को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गयी है।

## नेत्रदान का संकल्प लेने पर नेहा हुई सम्मानित



**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा चलाया जा रहा प्रोजेक्ट 'दधीचि' अब समाज में मानव सेवा का प्रतीक बन रहा है। इस अनूठी पहल ने अंगदान को लेकर लोगों, विशेषकर युवाओं में नई जागरूकता पैदा की है। अब तक जिले में 63 लोगों ने अंगदान कर इस अभियान को समर्थन दिया है। इस कड़ी में पीडब्ल्यूडी विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ नेहा झा ने नेत्र दान करने का संकल्प लिया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सीईओ एवं सेवानिवृत्त एसीएस एम. के. राउत, कलेक्टर गौरव सिंह ने उन्हें सम्मानित करते हुए शॉल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में 33.99 लाख क्विंटल धान की खरीदी

**रायपुर ।** रायपुर जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जिले में सोमवार को 2954 किसानों से 1 लाख 59 हजार 527.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार अब तक कुल 71016 किसानों से कुल 33 लाख 99 हजार 063.20 क्विंटल की खरीदी की गई है।

## जुआ खेलते धरे गए 8 जुआरी, 75 हजार जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के थाना खमतराई क्षेत्र में जुआ खेलते आठ जुआरियों को पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत गोंदवारा स्थित मारुति स्टील के पास से गिरफ्तार किया। एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट एवं थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 8 जुआरियों को हिरासत में लिया गया। जुआरियों से नकदी 75,500 रुपए, 1 चारपहिया वाहन, 7 दोपहिया वाहन और ताशपत्ती समेत जुआ सामग्री जब्त की गई। इनकी कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपए बताई जा रही है। इनके विरुद्ध थाना खमतराई में जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने निर्देशित किया था कि रायपुर पुलिस के सभी थानों में जुआ/सट्टा खेलने और खिलाने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए।

# बड़े बकाएदारों पर मेहरबानी, छोटों के ही कट रहे बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बकाएदारों से वसूली करने के अभियान में लगी हुई है, लेकिन बिजली सिर्फ छोटे बकायेदारों की ही कट रही है। प्रदेशभर में सैकड़ों की संख्या में कनेक्शन कट किए गए हैं। रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा बकाएदारों की बिजली कट हुई है, लेकिन जिन बकाएदारों पर एक लाख से ज्यादा का बकाया है, उनकी बिजली कट करने से पॉवर कंपनी कतरा रही है। इनमें से ज्यादातर रसूखदार हैं।

कुल मिलाकर दस लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं पर 22 सौ करोड़ का बकाया है। इसी के साथ सरकारी विभागों पर भी तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इस तरह से पॉवर कंपनी की बिजली उपभोक्ताओं से पांच हजार करोड़ की लेनदारी है। पॉवर कंपनी का बिजली उपभोक्ताओं पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। आमतौर पर छोटे बकायादार तो बकाया जमा कर देते हैं, लेकिन बड़े बकायेदार अपना बकाया जमा ही नहीं करते हैं। इन पर एक्शन भी नहीं होता है। अब तो प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा भी सीमित कर दिया गया है। पहले चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होता था तो बकायादार अपने बिल का भुगतान कर देते थे, क्योंकि दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था।

### एक लाख से ज्यादा के छह हजार बकायादार

*एक लाख या इससे ज्यादा राशि के बकायेदारों की संख्या करीब छह हजार है। इन रसूखदार बकायेदारों पर करीब सवा सौ करोड़ का बकाया है। इनकी बिजली कट करने के लिए कभी अधिकारी जाते नहीं है। अगर कोई अधिकारी कहीं चला जाता है तो उसे परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि किसी न किसी आला अधिकारी का फोन आ जाता है।*



**10 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं पर 22 सौ करोड़ का बकाया**

### मुक्ति का रास्ता प्रीपैड कनेक्शन

पॉवर कंपनी के अधिकारी ही कहते हैं कि बकायेदारों से मुक्ति का एकमात्र रास्ता प्रीपैड कनेक्शन है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। 30 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो गए हैं। इसी के साथ सरकारी दफ्तरों के मीटर भी स्मार्ट हो गए हैं। कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाएगा तो बकायेदारों को पहले बकाया जमा करना ही होगा, इसी के साथ पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। बकायेदारों को बकाया जमा करने के लिए समय दिया जाएगा। लेकिन कनेक्शन प्रीपैड होने पर रीचार्ज के बिना बिजली न मिलने पर किसी भी उपभोक्ता पर बकाया नहीं होगा।

### 20 हजार तक बकाया वाले 10 लाख

सबसे ज्यादा बकायादार छोटे बकायादार ही हैं कहा जाए तो गलत भी नहीं होगा। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकायेदारों की प्रदेश भर में संख्या दस लाख से ज्यादा है। इन पर ही करीब 22 सौ करोड़ का बकाया है। वैसे बीपीएल कनेक्शनधारी बकायेदारों की भी कमी नहीं है। इनकी बिजली कभी कट नहीं होती है तो इनका बकाया भी लगातार बढ़ते जा रहा है। इसकी संख्या भी लाखों में है।

### विस्थापन के विरोध में निगम मुख्यालय में किया प्रदर्शन

# दुर्गानगर के नागरिकों ने रैली निकाली निगम को लौटाई पिरदा मकानों की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके के दुर्गा नगर बस्ती नागरिकों ने सोमवार को विस्थापन के विरोध में पैदल रैली निकालकर निगम मुख्यालय पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने नगर निगम आयुक्त के नाम पर जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा और जलविहार कालोनी की तर्ज पर दुर्गा नगर में ही नए पक्के मकानों का निर्माण कर उन्हें विस्थापित करने की मांग की। इस दौरान लोगों ने पिरदा में विस्थापन योजना के तहत नगर निगम द्वारा दी गई नए मकानों की चाबियां भी लौटाईं।

दुर्गा नगर बस्ती में पिछले 60 वर्षों से अधिक समय से करीब 120 परिवार रहते हैं। इन परिवारों को विस्थापित योजना के तहत पिरदा में नए पक्के मकानों में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कई परिवारों को नए मकान की चाबी भी सौंपी गई हैं, लेकिन यहां के रहवासी पिरदा में शिफ्ट होने से इंकार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है तथा वे अपने रोजगार से भी दूर हो जाएंगे। यहीं नहीं उनके बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने इस मामले में तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन इसके बाद भी नगर निगम उन्हें विस्थापित करने की तैयारी में लगा हुआ है।






### दुर्गा नगर से पैदल मार्च-प्रदर्शन करते निगम मुख्यालय पहुंचे

दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती के लोग बड़ी संख्या में रैली की शक्ल में निगम मुख्यालय पहुंचे। रैली में महिला-पुरूषों के अलावा परिवार के बच्चें भी शामिल हुए। निगम कार्यालय पहुंचने के बाद लोगों ने यहां भी जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर पिरदा मकानों की चाबियां भी वापस लौटाई।

### जलविहार कालोनी की तर्ज पर पक्के मकान बनाने की मांग

*प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जलविहार कालोनी के करीब एक हजार परिवारों को तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) के पास ही बीएसयूपी कालोनी बनाकर पुनर्वासित किया है। इसी तर्ज पर दुर्गा नगर के वासियों को भी पक्के मकान इसी मोहल्ले में बनाकर देना चाहिए।*

### भाजपा-कांग्रेस सहित कई संगठनों के नेता मांग के समर्थन में

*दुर्गा नगर के परिवारों की मांग को भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य संगठनों के कई नेताओं ने समर्थन दिया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कि बस्तीवासियों की मांग सही है। उनके आशियाने को उजड़ने नहीं देंगे। बसंत बाग भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने कहा कि गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आशीष तांडी भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने कहा कि मोहल्ले वासियों को खदेड़ने का प्रयास किया गया तो हम चुप नहीं बैठेंगे। अधिवक्ता भगवानू नायक जनता कांग्रेस ने कहा कि यह गरीब और दलित विरोधी नीति है। विस्थापन से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विपरीत असर पड़ेगा।*

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने रचा आवास क्षेत्र में नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने वर्ष 2025 में आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों के विक्रय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडल द्वारा जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच कुल 4689 संपत्तियों का विक्रय किया गया, जिनका कुल मूल्य 1022 करोड़ रुपये से अधिक है। यह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के गठन के बाद अब तक का सर्वाधिक वार्षिक विक्रय है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव के नेतृत्व में मंडल द्वारा किफायती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराने की दिशा में योजनाबद्ध एवं प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिसका प्रत्यक्ष परिणाम इस अभूतपूर्व सफलता के रूप में सामने आया है।

- **हाउसिंग बोर्ड ने एक वर्ष में किया 1022 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों का विक्रय**

### 56 नई परियोजनाओं का निर्माण

रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला 2025 भी अत्यंत सफल रहा। इस मेले के दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा 26 जिलों में 2080 करोड़ रुपये की लागत वाली 56 नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया गया। साथ ही मेले के दौरान ही 305 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों का विक्रय हुआ, जिससे मंडल की योजनाओं के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।

### नई सोच और जनहित को केंद्र में रखकर कार्य- अनुराग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा, यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मंडल पारदर्शिता, नई सोच और जनहित को केंद्र में रखकर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी आवासहीनों को किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# वायदा बाजार से सोना एवं चांदी को अलग करने पीएम मोदी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वायदा बाजार से सोना एवं चांदी को अलग करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक पत्र रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने पीएमओ को भेजा है। पत्र में बताया गया है कि इसे अलग किया जाना आज की स्थिति में व्यापारिक ही नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी यह जरूरी हो गया है। इससे सट्टेबाजी को इस कदर बढ़ावा मिल रहा है कि वास्तविक व वायदा बाजार में काफी अंतर आ रहा है, जिससे मनी लांड्रिंग का खतरा भी बढ़ रहा है।

**रायपुर सराफा के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने पत्र में लिखा मनी लांड्रिंग का बढ़ रहा खतरा**

श्री मालू ने पत्र में लिखा है, केन्द्र सरकार की ओर से वायदा बाजार में विभिन्न प्रकार के उत्पादों को लेनदेन करने की अनुमति दी गई है वर्तमान में यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो इसमें फिजिकल लेनदेन के बजाये केवल सट्टेबाजी ही ज्यादा होती है जिसमें आम व्यापारी को अत्यधिक नुकसान एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी के चलते कई परिवार एवं कई व्यवसायी जो सराफा से संबंधित हैं, बर्बादी के कगार पर आ गए हैं या भावों में उतार-चढ़ाव के चलते अत्यधिक तनाव एवं अवसाद में जी रहे हैं। इससे परिवार असंतुलित एवं जीवन जीने में असमर्थ महसूस कर रहा है। यहां तक कि कई तो पारिवारिक सट्टेबाजी के कारण आत्महत्या की स्थिति में पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ग्रुप इसका संचालन कर रहे हैं उन्होंने फिजिकल बाजार को अपने नियंत्रण में ले रखा है और इसी के आधार पर फिजिकल बाजार में लेनदेन होते हैं। इस प्रकार वास्तविक बाजार एवं वायदा बाजार में काफी अंतर हो रहा है। कच्चे लेनदेन के कारण धनशोधन (मनी लांड्रिंग) के खतरे भी बढ़ने लगे हैं।






# क्रिसमस के बाद अब नए साल की छुट्टियों में ट्रेनों में बढ़ी भीड़, 2 जनवरी तक स्लीपर में नो रूम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**5 जनवरी तक कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल**

क्रिसमस के बाद अब ट्रेनों में नए साल को लेकर जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। खासकर 30 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच दिल्ली, मुंबई और हावड़ा रूट की ट्रेनों में सबसे अधिक भीड़ दर्ज की जा रही है। हालांकि ट्रेनों के रद्द न होने से सफर के लिए प्रयाप्त ट्रेनें उपलब्ध हैं, फिर भी कन्फर्म टिकट मिलना बेहद मुश्किल हो गया है।

छत्तीसगढ़ से नए साल के मौके पर सबसे अधिक लोग पुरी और विशाखापट्टनम की ओर यात्रा कर रहे हैं। यही वजह है कि इस रूट की प्रमुख ट्रेनों जैसे दुर्ग-पुरी, अहमदाबाद-पुरी वंदे भारत, विशाखापट्टनम एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों में 2 जनवरी तक स्लीपर में नो रूम की स्थिति बनी हुई है। रायपुर से हावड़ा की ओर जाने वाली ट्रेनों हावड़ा एक्सप्रेस, नांदेड़-हावड़ा और आजाद हिंद एक्सप्रेस में भी वेटिंग है। करीब दो दर्जन ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची चल रही है। इधर दूसरी ओर बसों की मांग और किराया, दोनों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ट्रेनों में सीटें फुल होने की वजह से लोग अब वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर रहे हैं।



### समता और छत्तीसगढ़ में नो रूम के करीब

नए साल पर दिल्ली, मुंबई और राजस्थान जाने वाली ट्रेनें भी फुल हैं। 30 दिसंबर को समता एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में वेटिंग पूरी होने के स्लीपर में नो रूम है। इस ट्रेन की सभी श्रेणियों में लंबी वेटिंग लिस्ट भी 70 से 100 के बीच है। इसी तरह छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भी स्लीपर कोच फुल हो चुका है। राजस्थान जाने वाली ट्रेनों में जगह नहीं है। ज्यादातर नए साल का जश्न मनाने दिल्ली और मुंबई जा रहे हैं। इस वजह मुंबई रूट की ट्रेनों में अभी से सीटें फुल हो चुकी हैं।

### फेफना स्टेशन पर बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस का ठहराव

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए फेफना स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15231/15232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव दिया जा रहा है।15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस फेफना में 16.33 बजे आगमन और 16.35 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अलावा 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस फेफना में 23.41 बजे आगमन और 23.43 बजे प्रस्थान करेगी। यह सुविधा 16 जनवरी 2026 से लागू होगी।

# साव झूठा यशोगान कर रहे, 2 साल में विफल रही साय सरकार : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सरकार की दो साल की उपलब्धियों के बखान को कांग्रेस ने झूठ यशोगान बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, 2 साल में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। अरुण साव का नगरीय प्रशासन विभाग भी पूरी तरह फिसड्डी साबित हुआ है। नगरी निकाय विभाग की स्थिति यह है कि साय सरकार ने पिछले 2 साल में प्रदेश के किसी भी निकाय में 1 किमी की नाली भी नहीं बना पाए हैं। अरुण साव अपनी सरकार का जब गुणगान कर रहे थे, तब उनकी अंतर्रात्मा भी हंस रही होगी, मंत्री जी झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, साय सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया। सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। 2 साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरा नहीं की। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान नाराज है, युवा नाराज है, सरकारी भर्तियां बंद है, जो भर्तियां हुई हैं, उसमें भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनाएं बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।



- **नगरीय निकाय ने जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं कराई**



# मेगा हेल्थ कैंप में 150 लोगों ने कराया चेकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बैरन बाजार स्थित उत्कल सामुदायिक भवन में रविवार को एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जहां डॉक्टरों और हेल्थ प्रोफेशनल्स की एक टीम ने लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण और चेकअप किया। लगभग 150 लोगों ने कैंप में हिस्सा लिया और आईएलएस हॉस्पिटल्स के मेडिकल प्रोफेशनल्स और स्टाफ की टीम की सीधी देखरेख में चेकअप कराया। यह बड़ा कैंप मकतब खदीजतुल कुबरा वेलफेयर सोसाइटी ने आईएलएस हॉस्पिटल्स रायपुर के साथ मिलकर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया। कैंप में कई आवश्यक हेल्थ स्क्रीनिंग सेवाएं सफलतापूर्वक दी गईं और आम स्वास्थ्य समस्याओं की शुरुआती पहचान के बारे में जागरूक किया गया। मेडिकल टीम ने ईसीजी टेस्टिंग, लिपिड प्रोफाइल, एसपीए1सी, थायराइड प्रोफाइल, बीएमडी, लिवर फाइब्रो-स्कैन, वजन-ऊंचाई माप, ब्लडप्रेशर, शुगर चेक जैसे कई जांच मुफ्त में की। हॉस्पिटल की टीम में डॉ. राहुल शाह, डॉ. जावेद परवेज, डॉ. भुवन शर्मा, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. कौतुक लोहिया और 30 अन्य पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे।

# कांकेर में फैली हिंसा को नियंत्रित करें, क्रिश्चियन फोरम ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कांकेर में फैली हिंसा को सरकार नियंत्रित करे, क्योंकि वहां के पांच गांवों के घरों में तोड़फोड़ की गई है। वहां पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। कई स्थानों पर पुलिस भी उत्पातियों की मदद कर रही है।

बीजेपी के प्रवक्ता मैग्नेटो माल में हुई हिंसा को सही ठहरा रहे हैं। 28 दिसंबर को सुबह 40-50 हुड़दंगियों ने छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के प्रवक्ता एवं महासचिव अंकुश बरीयेकर के चर्च पर हमला किया। इसे देखते हुए हम सरकार से मांग करते हैं कि कांकेर में फैली अव्यवस्था और हिंसा को नियंत्रित किया जाए। छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है, जैसे 24 दिसंबर को चैंबर ने छत्तीसगढ़ बंद को समर्थन देते हुए छत्तीसगढ़ में आग लगाने का काम किया है। ईसाई समाज के खिलाफ सुनियोजित तरीके से नफरत फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंद को समर्थन देने और मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को किसी प्रकार का मांग या ज्ञापन भी नहीं दिया है। फोरम ने मामले को लेकर मांग की है कि इसकी जांच भी करवाई जाए।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




कवि एवं कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास ने श्री रामचरित मानस की चौपाईयों को सुंदर भजन में पिरोकर मधुरवाणी में रामकथा का भक्तों को अमृत श्रवण कराया। रामजी भगवान के वनवास प्रसंग को भजन भवानी सुन लो राम कहानी वंचित वनवासी गिरिवासी जिसमें बने सहायक...में सुनाते हुए कहा कि यहां की माटी में पैदा हुई बेटी यानी कौशल्या माता के गर्व से विश्व को रामजी मिले हैं। श्रीरामचरित मानस के चौपईयां पढ़ते हुए बंदऊं कौसल्या दिसि प्राची। कीरति जासु सकल जग माची.... जो लोग कहते हैं कि राम वंचितों के नहीं हैं, वे सुन लें कि रामजी के नाना राजा थे, मामा राजा थे, लेकिन वे वनवास गमन के समय किसी राजा के पास नहीं गए। राम गए वंचित वनवासियों, केंवट के पास गए। छत्तीसगढ़ के इंद्रावती के किनारे रामजी ने वनवास के समय अपना ठिकाना बनाया।

# भवानी सुन लो राम कहानी... वंचित वनवासी गिरिवासी जिसमें बने सहायक

**रायपुर।** एयरपोर्ट रोड स्थित जैनम मानस भवन सोमवार को रामकथा के भक्ति रस से सराबोर हुआ। शाम करीब 5 बजे प्रवचन कार्यक्रम अपने-अपने राम का शुभारंभ हुआ। रामकथा के भक्तिरस में डुबकी लगाने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत प्रसिद्ध कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास के भजनों और कथा प्रस्तुति से हुई। डॉ. विश्वास ने अपने सुरीले भजनों और कथा पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और त्याग का वर्णन किया। उनके मंच से गूंजे श्रीराम के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु उनके भजनों और प्रवचनों से भावविभोर हो उठे। अपनी कथा के दौरान डॉ. कुमार विश्वास ने बताया कि रामकथा का सर्वप्रथम वर्णन भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनाया था। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर स्वयं श्रीराम की पूजा करते हैं और उन्होंने लोकहित के लिए आम जनमानस को जीवन जीने की प्रेरणा देने हेतु माता पार्वती को यह कथा सुनाई थी। उन्होंने अविरल व भक्ति रस से सराबोर अपने कथावाचन में श्रीरामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित भजन, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कथा श्रवण को पहुंचे विशाल भक्त समूह को भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा। कथावाचक कुमार विश्वास द्वारा प्रस्तुत यह रामकथा व्याख्यान श्रृंखला में तर्क और भक्ति के माध्यम से रामकथा के वर्णन में मंदोदरी और श्रीराम के संवाद जैसे प्रसंग भक्तों को कथा में बांधे रखे।

एयरपोर्ट रोड जैनम मानस भवन में कवि व कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास के प्रवचन







## रामकथा के भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

रामकथा का प्रसंग जैसे-जैसे आगे बढ़ा, भक्त आस्था और भक्ति में डूबते चले गए। कड़ाके की ठंड के बावजूद देर रात तक श्रद्धालु भक्ति की अमृत वर्षा में भीगते रहे। जय जय श्रीराम, मर्यादा पुरोषत्तम राम का जयघोष गूंजता रहा। रामकथा का श्रवणपान कर भक्त आनंद से भर उठे। कथावाचक की मधुर अमृतवाणी में रामकथा का श्रवण कर रामभक्त स्वयं को सौभाग्यशाली पाया।

## राम भजनों की प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम में रामकथा प्रारंभ से पहले भजन गायकों ने राम भजनों की अनुपम प्रस्तुति से भक्तों का मन मोह लिया। मेरे तन में भी राम मेरे मन में भी राम...जैसे भजनों पर रामभक्त झूमते रहे। कार्यक्रम में राम भजन की भक्तिमय प्रस्तुति से कलाकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामकथा श्रवण करने पहुंचे भक्तों ने कथा प्रारंभ से पहले राम भजन का आनंद लिया।

## कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

*रामकथा आयोजन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह, विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी रामकथा में संपूर्ण रामायण का प्रसंग सुन भक्तिभाव से ओतप्रोत हुए।*


# लोधी समाज के 98 युवक-युवतियों ने सुयोग्य जीवनसाथी चुनने दिया परिचय



**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज लोधी भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 98 युवक-युवतियों ने सुयोग्य जीवनसाथी चुनने के लिए नामांकन किया। जिसमें आधे से ज्यादा युवक-युवतियों ने मंच में स्वयं उपस्थित होकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश से समाज के युवक युवतियों सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोधी समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, लोधी समाज के राष्ट्रीय सचिव मूलचंद लोधी, छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के पूर्व महामंत्री रमेश पटेल, महेश वर्मा पार्षद एवं संगठन प्रभारी जिला कवर्धा, पूर्व महापौर नगर निगम भिलाई नीता लोधी, लालचंद वर्मा एमआईसी सदस्य नगर निगम भिलाई, सावित्री दमाहे पार्षद नगर निगम दुर्ग, समाज के संरक्षक उत्तम वर्मा एवं रोहित जंघेल, लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम चंदेल, उपाध्यक्ष विशाल राम वर्मा, राजेश जंघेल महासचिव, रामावतार चंदेल कोषाध्यक्ष, मनीराम वर्मा अंकेक्षक, कार्यकारी सदस्य अलख राम, अशोक कुमार वर्मा, रमेश वर्मा, सुरेश वर्मा, नरेश जंघेल, इकाई अध्यक्ष में ऋतु कुमार महीकवार, कल्याण सिंह राजपूत, संतोष वर्मा, पुरुषोत्तम नागपुरे, इंद्रजीत सिंह वर्मा, दीपक जंघेल आदि उपस्थित थे।

# दिवंगत कवि विनोद शुक्ल की जयंती पर स्मरण कार्यक्रम 1 को

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित दिवंगत कवि विनोद कुमार शुक्ल के 89वें जन्मदिन के अवसर पर 1 जनवरी को "स्मरण विनोद जी" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक बिरादरी इस कार्यक्रम की आयोजक है। इस अवसर पर



विनोद कुमार शुक्ल पर देवेंद्र शुक्ला द्वारा तैयार डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उनके साक्षात्कार और उनके द्वारा सुनाई गई कविताओं की वीडियो क्लिपिंग भी प्रदर्शित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों, संस्कृति कर्मियों द्वारा विनोदजी से जुड़े अपने संस्मरण साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह स्मरण श्रद्धांजलि का सादगीपूर्ण आयोजन सभी के लिए खुला है। कार्यक्रम में विनोद कुमार शुक्ल की कविताओं का पाठ डॉ. सुयोग पाठक, गजेंद्र साहू, सत्यम वर्मा, हेमंत यादव, ऋषिका दत्ता, तमन्ना सिंह और रितु सेलट करेंगी। ढोलक पर गजमन नायक संगत देंगे। सुप्रसिद्ध गायिका भारती सिंह कबीर भजन का गायन करेंगी और अरुण काठोटे विनोदजी की कविताओं पर आधारित पोस्ट कविताओं का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का समन्वय छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है।

# उन्नत शिक्षा प्रणाली, अनुसंधान कौशल और गुणवत्ता आश्वासन पर मैक में मंथन

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) में 22 से 27 दिसंबर तक 6 दिवसीय संकाय विकास पर मंथन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संकाय सदस्यों के बीच शिक्षण उत्कृष्टता, अनुसंधान क्षमता, गुणवत्ता, जागरूकता और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देना था। संपूर्ण आयोजन चेयरमैन रमेश अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस संकाय विकास कार्यक्रम ने संकाय सदस्यों को विभिन्न अंतःविषयक विशेषज्ञों से शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण रणनीतियों, अनुसंधान कौशल, आईसीटी एकीकरण, मान्यता संबंधी तत्परता और व्यावसायिक नैतिकता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान किया। इसकी शुरुआत उप प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी ने मैक के एकेडमिक इकोसिस्टम को समझाने पर फोकस करने वाले इंस्टीट्यूशनल ओरिएंटेशन सेशन से की।



## रिसर्च मेथडोलॉजी और टूल्स पर सेशन

इसके बाद प्राचार्य डॉ. जैस्मीन जोशी का एक इंटरैक्टिव सेशन हुआ। आउटकम-बेस्ड एजुकेशन, स्टूडेंट साइकोलॉजी, एक्सपीरिएंशियल और इंटरडिसिप्लिनरी टीचिंग मेथडोलॉजी, इनक्लूसिव क्लासरूम प्रैक्टिस, प्रोफेशनल एथिक्स, इमोशनल इंटेलिजेंस, कम्युनिकेशन स्किल्स और इफेक्टिव इवैल्यूएशन और फीडबैक टेक्नीक शामिल थे। प्रो. जीके देशमुख, डायरेक्टर और डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, रिसर्च मेथडोलॉजी और टूल्स पर सेशन किए। साथ ही स्किल-बेस्ड टीचिंग और लर्निंग प्रैक्टिस के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी।

## व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने में योजना

पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने 'जीना इसी का नाम है' शीर्षक से एक प्रेरक सत्र आयोजित किया। उन्होंने दृढ़ता, लचीलेपन के साथ व्यावसायिक प्रतिबद्धता पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करके संकाय सदस्यों को प्रेरित किया। जीवन के छह प्रमुख पहलुओं, शारीरिक फिटनेस, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक कल्याण, आध्यात्मिक विकास, पारिवारिक जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने में योजना, विश्लेषण, मूल्यांकन की भूमिका को उजागर किया। यह सत्र अत्यंत फलदायी और प्रेरक सिद्ध हुआ।




**सिटी लाइव**

## महंगी जमीन पर टोडरमल ने किया था गुरु परिवार का अंतिम संस्कार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय में सोमवार को सेठ टोडरमल जैन को श्रद्धांजलि देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि गुरु पुत्रों की शहादत के समय मानवता, करुणा एवं धर्मनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण सेठ टोडरमल जैन ने महान कार्य करते हुए पेश किया। श्रद्धांजलि एवं कृतज्ञता के इस आयोजन में जैन समाज को आमंत्रित किया गया। सरहिंद में छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी की शहादत के बाद, जब उनके अंतिम संस्कार के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी, तब सेठ टोडरमल ने शहीद के शरीर को जितने स्थान पर रखा जा सके, उतने स्थान पर सोने की मोहरें खड़ी करके भूमि खरीदी। इसके बाद विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। यह घटना भारतीय इतिहास में मानवीय मूल्यों, त्याग, आपसी सद्भाव एवं सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है।

### साझा विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि सेठ टोडरमल जैन का यह महान कार्य संदेश देता है कि मानवता और धर्म की रक्षा के लिए किया गया त्याग किसी एक समाज तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर बन जाता है। इस आयोजन के माध्यम से जैन–सिख एकता एवं भारतीय संस्कृति की साझा विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास किया गया है। जैन समाज मंदिर के अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि टोडरमल के योगदान का स्मरण करते हुए सिख समाज द्वारा जैन समाज को आमंत्रित करना एक ऐतिहासिक और भावनात्मक पहल है।

**धर्म लाइव**

## अवधपुरी मैदान में चिन्मयानंद बापू सुनाएंगे श्रीमद भागवत कथा



**रायपुर।** नववर्ष में 7 से 13 जनवरी तक अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक चिन्मयानंद बापू के श्रीमुख से भगवान कृष्ण की कथा सुनने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में श्रोताओं की सुविधा को देखते हुए पर्याप्त इंतजाम किया जा रहा है। यह आयोजन विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर द्वारा किया जाएगा। सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी नितिन झा, जितेंद्र अग्रवाल, मयंक वैद्य ने दी। उन्होंने बताया कि कथास्थल पर 35 हजार श्रोताओं के लिए बैठक व्यवस्था की जा रही है। कथावाचक के श्रीमुख से यह 599वीं कथा सुनने का अवसर लोगों को मिलेगा। इससे पहले भव्य कलश यात्रा 6 जनवरी को सुबह 9 बजे काली माता मंदिर प्रांगण गुढ़ियारी से शुरू होगी।

### 21 सौ महिलाएं कलश यात्रा में होंगी शामिल

कथास्थल अवधपुरी मैदान तक यह मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 21 सौ महिलाएं सिर पर कलश धारण करके निकलेंगी। कलश यात्रा में बैंड, डीजे, भगवान की आकर्षक झांकियां और छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध पारंपरिक कर्मा नृत्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा सहयोग दिया जाएगा। आगे बताया कि श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने वाले श्रोताओं को पार्किंग, बैठक व्यवस्था के साथ ही पेयजल और भोग प्रसादी की सुविधा दी जाएगी। इससे पहले सभी पदाधिकारियों को आयोजन के लिए जिम्मेदारी बांटी गई है, जो अपनी-अपनी टीम के साथ कथा में सहयोग करेंगे।

**समाज लाइव**

## भक्त नरसी की लीला का हुआ मंचन अग्रसेन भवन में गूंजा राधे-राधे का नाम



**रायपुर।** अग्रसेन भवन में वृंदावन के कलाकारों द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भक्त नरसी की लीला का जीवंत मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि भवन में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अग्रवाल समाज में बहुत उत्साह है। हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि भगवान भक्त के प्रेम में बंध कर दौड़े चले आते हैं। नरसी जी की भक्ति में भगवान कृष्ण कभी गाड़ीवान बने, कभी सेवक तो कभी रथवान बने। नरसी जी की बेटी के मायरे में भगवान उनके भाई बनकर उनका भात भरकर बेटी का मान बढ़ाया। सभी लीलाओं का वृंदावन के कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। महिला मंडल की मुख्य कार्यक्रम प्रभारी नीलू रुंगटा, प्रियंका गोयल, ज्योति अग्रवाल, रितु रुंगटा, संगीता अग्रवाल ने बताया कि राधा रानी की नव निधि बनकर मायरा में महिला मंडल द्वारा नानी बाई को बहुत से उपहार प्रदान किया। आज की लीला में सभी भक्त भाव विभोर हो उठे।अंत में राधा कृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सभी पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, संरक्षक, महिला मंडल, युवा मंडल, यूथ क्लब सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

● इंदिरा गांधी कृषि विवि में अंतर महाविद्यालयीन मड़ई-2025 का समापन

# विद्यार्थियों ने कला-संस्कृति के विविध रंगों से मड़ई महोत्सव को बनाया यादगार, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई-2025 का रंगारंग समापन हुआ। सोमवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन कल्चरल फेस्ट के समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने लघु नाटिका, तात्कालिक भाषण, लोक एवं आदिवासी नृत्य एवं पाश्चात्य समूह गीत प्रतियोगिताओं की भावपूर्ण प्रस्तुति से महोत्सव में कला-संस्कृति और अपनी प्रतिभा का इंद्रधनुषीय रंग बिखेरा।







**रायपुर।** चार दिनों तक इस 31वें अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव मड़ई-2025 में 31 महाविद्यालयों के लगभग 900 विद्यार्थी भाग ले हिस्सा लिया। इसमें कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रदेश के लोक संस्कृति, लोकपर्व, स्थानीय रीति-रिवाज एवं अन्य विशेषताओं को मंच पर गरिमामय रूप में प्रदर्शित किया। पारंपरिक परिधानों में सजे सांस्कृतिक दल स्थानीय लोकगीतों एवं लोक नृत्यों की अनुपम छटा ने दर्शकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. लवली शर्मा, कुलपति इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ रहीं। अध्यक्षता डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रहे। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, आयोजन सचिव डॉ. सुनील नाग, प्रतियोगिताओं के प्रभारी, निर्णायक तथा टीम मैनेजर्स भी उपस्थित रहे।







### आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति से बांधा समां

समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने आदिवासी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति से समां बांधा। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों ने लघु नाटक, देशभक्ति गीतों से समसामायिक सामाजिक व पर्यावरणीय विषयों पर जागरूक किया। इसके अलावा छात्रों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन विविध विधाओं जैसे स्किट, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, डिजिटल फोटोग्राफी, एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन जीता।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

महोत्सव में मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य, मूक अभिनय, भाषण, लघु नाटिका, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, देशभक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं सहित 25 से अधिक विधाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी विजेता विद्यार्थियों को मंच से अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## गायत्री परिजनों ने 51 सौ दीपों की सजाई भव्य श्रृंखला, महायज्ञ में तीसरे दिन किया दीपयज्ञ

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रायपुर के गायत्री परिजनों द्वारा बिरगांव में आयोजित 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा सुमन के साथ यज्ञ देव में आहुतियां समर्पित कीं। महायज्ञ के संयोजक शंकरलाल साहू एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि यज्ञ में विभिन्न प्रकार के संस्कार का भी आयोजन किया गया। इसमें 51 महिलाओं का पुंसवन संस्कार, 2 शिशुओं का नामकरण, 6 बालकों का अन्नप्राशन, 1 का मुंडन, 12 बालकों का विद्यारंभ, 1 का कर्णछेदन, 5 युवकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी किया गया। सोमवार को दोपहर में रक्तदान शिविर किया गया। इसमें 13 श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को सहयोग करने की भावना से रक्तदान किया। सायंकाल दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।



### भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति

इसमें कड़ी में 5100 दीपों की रोशनी से महायज्ञ स्थल जगमगा उठा। 51 हवन कुंडों के चारों ओर एवं देवमंच, व्यासपीठ के सामने यह दीप प्रज्ज्वलित किए गए। कई श्रद्धालु ने दीपयज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। दीपयज्ञ से हमें हमेशा उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा मिलती है। साथ ही विश्व को रोशन करने के लिए प्रेरित करता है। दीपयज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्र प्रमोद बारचे ने देव मंच से संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। भारतीय संस्कृति मानव जीवन के विकास को उच्च स्तर पर ले जाने की कला सिखाती है।



### परम लक्ष्य मनुष्य में देवत्व का उदय करना

उन्होंने आगे कहा कि भारत और भारतीय संस्कृति की यह सशक्त पुकार है कि हर व्यक्ति अपने जीवन को राष्ट्र, समाज और मानव-हित में समर्पित करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है। यही जीवन की सर्वोच्च साधना और उसकी वास्तविक सार्थकता है। मनुष्य का चरित्र उसकी वास्तविक पूंजी है, गायत्री परिवार का मूल उद्देश्य बाहरी परिस्थितियों को बदलने से पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना है। प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि कल महायज्ञ में विधि-विधान से पूर्णाहुति दी जाएगी।

## श्री जीण माता महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, भजनों पर झूमे श्रद्धालु





**रायपुर।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा आयोजित 16वां श्री जीण महोत्सव संपन्न हुआ। प्रातः 8.30 बजे अम्बा देवी मंदिर, सदर बाजार में माता जीण भवानी के विग्रह का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया गया। तत्पश्चात जयकारों और भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने विग्रह को शोभायात्रा रूप में रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी स्थित कार्यक्रम स्थल तक सहर्ष पहुंचाया। वहां माताजी का दिव्य दरबार सजाया गया और षोडश मातृका पूजन एवं ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तरुण सोनी द्वारा देवी-देवताओं की स्तुति और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात हैदराबाद से पधारी भजन गायिका सुश्री प्रियंका गुप्ता ने अपने मधुर भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी, जिन पर भक्तगण भाव-विभोर होकर देर तक झूमते रहे। अपराह्न में जीणधाम (राजस्थान) से पधारे मुख्य पुजारी आनंद पाराशर द्वारा श्री जीण माता शक्ति मंगलपाठ का वाचन किया गया। मंगलपाठ के दौरान बधाई उत्सव, जन्म उत्सव, हल्दी, मेहंदी एवं गजरा उत्सव की रस्में संपन्न हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं लाल चुनरी एवं लाल-पीली साड़ी में तथा पुरुष भक्त पारंपरिक परिधान में सज-धजकर उपस्थित रहे, जिससे संपूर्ण परिसर का वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और दिव्य हो गया। इसके बाद कोलकाता से पधारे 'तुलिका एंड ग्रुप' द्वारा जीण माता के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें भाई-बहन के प्रेम-सम्बंध को मार्मिक रूप में दर्शाया गया। इस भावुक प्रस्तुति से अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रात्रि 8 बजे से आमंत्रित कलाकारों द्वारा भजनों की अखंड श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें माता रानी के जयकारे और भक्ति-गीतों की गूंज देर रात तक होती रही।

**धार्मिक महत्ता के चलते मांगलिक आयोजनों की मनाही, सूर्य की गति बदलने से खरमास में होता है धनु राशि में प्रवेश**

# खरमास में लग्न मंडप सजाने पर विराम, महीनेभर बाद शुरू होंगे मांगलिक कार्य, जुलाई तक मिलेंगे शुभ मुहूर्त

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** खरमास को हिंदू धर्म में ऐसा समय माना जाता है, जब सूर्य अपनी गति बदलते हुए धनु राशि में प्रवेश करते हैं। इस बदलाव के कारण महीनेभर के लिए शुभ कार्यों पर विराम लगा है। यही कारण है कि 13 दिसंबर को शुक्र अस्त हो गए हैं। 31 जनवरी को जब सूर्य धनु राशि में प्रवेश करता हैं तो खरमास खत्म हो जाता है। यह समय अवधि महीनेभर की होती है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि खरमास में लोग शुभ कार्य करने से बचते हैं। इस दौरान लोगों को शुभ कार्य के लिए मुहूर्त भी नहीं मिलते हैं। इसके चलते लोगों को लग्न मंडप सजाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। संस्कृत भाषा के प्रचारक धर्मशास्त्री पं. चन्द्रभूषण ने बताया कि मलमास व खरमास में अंतर यह है कि मलमास हर तीन साल में एक बार लगता है, जबकि खरमास साल में दो बार आता है। मलमास चंद्र वर्ष और सौर वर्ष के बीच के अंतर को ठीक करने के लिए एक अतिरिक्त महीना है, जिसका स्वामी भगवान विष्णु को माना जाता है। वहीं खरमास तब होता है, जब सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करता है।

### फरवरी और मार्च के बाद फिर लगेगा विराम



पंडितों और आचार्यों की माने तो शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए फरवरी में 5, 10, 20 और 21 तारीख को अच्छा मुहूर्त मिलने वाला है। साथ ही मार्च में 9, 10, 11 और 12 को लोग लग्न मंडप सजा सकेंगे। इसके बाद मीनार्क 14 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रभावी रहने वाला है। इसके चलते एक बार फिर शुभ कार्यों पर विराम लगेगा। इसके बाद लोगों को अप्रैल महीने में 20, 21, 26, 29 और 30 को शुभ मुहूर्त मिलेंगे। मई में भी 5, 06, 08 और 10 को सभी तरह के मांगलिक आयोजन और शुभ कार्य किए जा सकेंगे। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक अधिमास प्रभावी होगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान व देव आराधना का विधान किया जाता है।

### देवशयनी से पहले भी मिलेंगे कई शुभ मुहूर्त

लोगों को इसके बाद जून महीने में 19, 22, 23, 24, 26, 27, 28 और 29 के बाद जुलाई में भी 1, 3, 4, 6, 7, 8 और 9 को शुभ तिथि मांगलिक आयोजनों के लिए मिलने वाली है। इसके बाद 16 जुलाई से गुरु अस्त होने के साथ ही चातुर्मास शुरू हो जाएगा। जो 2026 में 20 नवंबर तक प्रभावी रहने वाला है। इस दौरान शास्त्रों में देव आराधना के साथ ही पूजा-पाठ करने का विधान करने का प्रावधान है। जैन मुनियों द्वारा चार महीने अलग-अलग जिनालयों में स्वाध्याय और प्रवचन की श्रृंखला सजाई जाती है।

### जनवरी से मार्च के बीच कई तीज-त्योहार

महाराज ने बताया कि आंचलिक पर्व छेरछेरा पुन्नी 3 जनवरी को मनाया जाएगा। इसके बाद 12 को स्वामी विवेकानंद जयंती और 13 को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। अगले दिन मकर संक्रांति और 18 को मौनी अमावस्या का पुण्य प्रभाव मिलेगा। इसके बाद 19 से गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होगा। बसंत पंचमी इस साल 23 जनवरी को मनाई जाएगी। 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 9 को माता जानकी जयंती, 15 फरवरी को महाशिवरात्रि और 2 मार्च को होलिका दहन की परंपरा निभाते हुए रंगों का महापर्व निभाएंगे।

ज्योतिष

## जनवरी में इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, होगी तरक्की



वैदिक पंचांग के अनुसार साल 2026 के जनवरी महीने में 4 ग्रह राशि परिवर्तन करने जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले ग्रहों के राजा सूर्य 14 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं इसके बाद ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह मकर राशि में गोचर करेंगे। साथ ही बुध ग्रह 17 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं अंत में धन के दाता शुक्र ग्रह मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे मकर राशि में चतुर्ग्रही योग का भी निर्माण होगा। वहीं इन 4 ग्रहों की चाल में कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं।

**मकर राशि :** यह गोचर आपकी राशि से लग्न भाव पर होने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही परिवार और मित्रों के सहयोग से आपके प्रयास और भी फलदायक साबित होंगे। वहीं इस दौरान आपका व्यक्तित्व इस समय दूसरों को प्रेरित करेगा और नई साझेदारियों के अवसर आएंगे।

**तुला राशि :** यह गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा। इसलिए इस समय आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं नौकरी में प्रमोशन, वेतन वृद्धि या नई जिम्मेदारियों के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में नए ग्राहक, बेहतर सौदे और लाभ के संकेत बनेंगे। वहीं इस समय आपको पैतृक संपत्ति का लाभ हो सकता है।

**मेष राशि :** यह गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिलेगी। साथ ही नौकरीपेशा जातकों को इंक्रीमेंट, बोनस या प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। साथ ही व्यापार करने वालों के लिए यह समय नई डील, पार्टनरशिप और मुनाफे वाला रहेगा। वहीं इस समय नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। वहीं इस समय आपको पिता के साथ संबंध मजबूत होंगे।

## 10 साल बाद शनि और शुक्र इन राशियों का बनाएंगे राजयोग



आने वाली 15 जनवरी को शुक्र और शनि ग्रह 90 डिग्री पर होंगे। जिससे लाभ दृष्टि योग बनेगा। ऐसे में इस योग के बनने से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों की आय में वृद्धि और नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए लाभ दृष्टि योग लाभकारी साबित हो सकता है। इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और हर कार्य में सफलता मिलेगी। वहीं इस दौरान आपके लिए समय अच्छा रहेगा। बिजनेस करने वालों को नए सौदे मिल सकते हैं। वहीं इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वहीं आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**सिंह राशि :** लाभ दृष्टि राजयोग बनने से सिंह राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। इस समय आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आय के नए माध्यम बन सकते हैं। वहीं आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही जो लोग अपने काम से पहचान बनाना चाहते हैं, उन्हें इस समय फायदा होगा।

**मिथुन राशि :** इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। साथ ही यह समय आपके व्यक्तित्व को निखारने और जीवन के अहम क्षेत्रों में पहचान बनाने का है। वहीं इस दौरान नौकरी या व्यापार में नई सफलताएं और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वहीं जो व्यापारी वर्ग है, उनको इस समय अच्छा धनलाभ हो सकता है।

सेहत के लिए सही ढंग से खाएं ये फल और सब्जियां

# अच्छी सेहत के लिए अपनाएं हेल्दी खाने का यह सही तरीका, जानें पूरी डिटेल

"आज के टाइम में हम सभी को अपने स्वास्थ को अच्छा रखने के लिए कई चीजों का सेवन करना होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत को अच्छा रखने वाले हेल्दी फ्रूट्स व सब्जियों को खाने का सही तरीका क्या है?



हम सभी अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए हेल्दी फूड्स शामिल करने की कोशिश करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं अगर इनका सही तरीके से नहीं किया जाए, तो इनके फायदों की जगह नुकसान भी हो सकता है। बता दें कि कुछ फूड्स का पोषण तभी मिलता है जब उन्हें सही तरीके से खाया जाए। आइए जानते है, कुछ फूड्स को सही तरीके से कैसे खाना है।

### चिया सीड्स

चिया सीड्स बहुत हेल्दी है, लेकिन इस सीड्स को सूखा नहीं खाना चाहिए। सूखा खाने से पेट फूल सकता है या दम घुटने जैसी समस्या हो सकती है। इन्हें हमेशा पानी या दूध में कुछ मिनट के लिए भिगोकर खाएं। इससे ये आसानी से पच जाते हैं और पोषण भी ज्यादा मात्रा में मिलता है।

### चुकंदर

चुकंदर यह हमारे स्वास्थ को अच्छा रखता है, क्योंकि यह खून को भी बढ़ता है और त्वचा को भी अच्छा रखता है। लेकिन चुकंदर को उबालकर या तलकर खाने से इसके नाइट्रेट और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसे भाप में पकाकर या जूस के रूप में लेना सबसे फायदेमंद है।

### पालक

डेली ज्यादा कच्चा पालक खाने से किडनी स्टोन या पोषण की कमी हो सकती है। पालक को पकाकर या हल्का भूनकर खाएं, तो इससे ऑक्सेलेट कम होता है और पोषक तत्व बरकरार रहते हैं।

### ब्रोकली

ब्रोकली को ज्यादा उबालने या माइक्रोवेव में पकाने से इसके एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व कम हो जाते हैं। इसे भाप में पकाकर खाएं, ताकि कैंसर से लड़ने वाला सल्फोराफेन बरकरार रहे।

### बादाम

खाली पेट कच्चा बादाम खाने से अपच हो सकती है। बादाम को रातभर भिगोकर, छिलका उतारकर खाएं। इससे टैनिन और फाइटिक एसिड निकल जाते हैं, जो पोषक तत्वों को अवशोषित होने से रोकते हैं।

## दाबेली गुजरात का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड घर पर ही बनाएं, आसान है रेसिपी

गुजरती खान-पान का नाम लेते ही ढोकला, थेपला, खांडवी और फाफड़ा आदि का ख्याल आता है। हालांकि, यहां एक खास तरह का सैंडविच भी मिलता है, जो मुंह में स्वाद का विस्फोट कर देता है। इसे दाबेली कहते हैं, जो गुजरात का प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड है। इस एक व्यंजन में आपको खट्टा, मीठा, तीखा और नमकीन, सभी स्वाद मिल जाएंगे। आइए दाबेली बनाने की आसान रेसिपी जानते हैं।



**क्या होती है दाबेली :** दाबेली गुजरात के कच्छ क्षेत्र का पारंपरिक पकवान है, जो अब मुंबई जैसे बड़े शहरों में भी मशहूर है। इसे पहली बार 1960 के दशक में केशवजी गभा चुडासमा नाम के व्यक्ति ने बनाया था। यह एक पाव वाला व्यंजन होता है, जिसके अंदर आलू की चटपटी फिलिंग की जाती है। साथ ही इस पर इमली की खट्टी-मीठी चटनी, लहसुन और मिर्च की तीखी चटनी, अनारदाने और मूंगफली आदि भी डाली जाती है।

**दाबेली बनाने के लिए लगेगी ये सामग्री :** दाबेली एक भारतीय पकवान है, इसलिए इसमें लगने वाली सभी चीजें आपको आसानी से आपकी रसोई में मिल जाएंगी। इसके लिए आपको ताजा पाव चाहिए होंगे, जो मुलायम, मीठे और अच्छी गुणवत्ता वाले हों। इसके अलावा आपको आलू, तेल, नमक, दाबेली मसाला, भुने हुए मूंगफली के दाने और इमली की चटनी की जरूरत पड़ेगी। लहसुन की चटनी के लिए कश्मीरी लाल मिर्च, लहसुन, जीरा, गुड़ और नींबू का रस चाहिए होगा।

**इस तरह तैयार करें दाबेली की फिलिंग :** दाबेली बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबाल लें और उनका छिलका उतारकर उन्हें मीस लें। एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें मूंगफली, नमक और दाबेली मसाला डालकर भून लें। मिश्रण को निकालकर अलग रखें और इसी पैन में इमली की चटनी और दाबेली मसाला भून लें। इसमें मीसे हुए आलू शामिल करें और नमक भी मिला दें। इस मिश्रण को कटोरे में निकालें और ऊपर से भुनी मूंगफली, सेव, प्याज और धनिया डाल दें।

**ऐसे बनाएं लहसुन की चटनी :** एक बार जब फिलिंग तैयार हो जाए तो लहसुन की चटनी बनाने की शुरुआत करें। इसके लिए कश्मीरी लाल मिर्च को एक कटोरी गर्म पानी में भिगोकर रख दें। जब मिर्च मुलायम हो जाएं तो उन्हें पानी से निकालकर ब्लेंडर में डालें। इसमें लहसुन, नमक, गुड़, मूंगफली, जीरा और पानी डालकर पीस लें। चटनी की स्थिरता को अपने हिसाब से ठीक करें।

## घर पर ही बनाएं कैफे जैसी गर्मा-गर्म हॉट चॉकलेट, आसान है रेसिपी

सर्द रातों में ठंडी-ठंडी हवा के बीच एक कप गर्मा-गर्म हॉट चॉकलेट मिल जाए तो सुकून मिल जाता है। यह क्रीमी और चॉकलेटी पेय क्रिसमस और नए साल के जश्न का अहम हिस्सा भी रहता है। यह स्विट्जरलैंड, फ्रांस और स्पेन का पारंपरिक पेय है, जो अब दुनियाभर में मशहूर हो चुका है। ज्यादातर लोग हॉट चॉकलेट पीने के लिए कैफे जाते हैं। हालांकि, आप घर पर ही कई तरह की लजीज हॉट चॉकलेट बना सकते हैं।

**चॉकलेट कौड :** अगर आप थोड़ी अलग हॉट चॉकलेट पीना चाहते हैं तो चॉकलेट कौड पिएं। यह फ्रांस की पारंपरिक हॉट चॉकलेट है, जिसे पीना वहां की परंपरा है। यह थोड़ी गाढ़ी हॉट चॉकलेट होती है, जिसमें मक्खन मिलाया जाता है। इसे बनाने के लिए एक पैन में दूध उबालें और गैस से उतारकर उसमें चॉकलेट मिलाएं। जब चॉकलेट पिघल जाए तो इसमें मक्खन और भूरी चीनी मिला दें। इसे परोसने से पहले इसपर व्हिप्ड क्रीम डालना न भूलें।

**क्लासिक हॉट चॉकलेट :** सभी कैफे में क्लासिक हॉट चॉकलेट मिलती है, जिसकी रेसिपी सबसे आसान होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी गुणवत्ता वाली चॉकलेट लें और उसे टुकड़ों में काट लें। ज्यादा बढ़िया स्वाद चाहते हैं तो प्रीमियम डार्क चॉकलेट इस्तेमाल करें। एक पैन में दूध गर्म करें



और उसमें काटी हुई चॉकलेट मिला दें। उसे पूरी तरह से दूध में घुल जाने दें, फिर कप में निकाल लें। इसे गाढ़ा करने के लिए इसमें थोड़ी हेवी क्रीम मिला दें।

**अर्जेंटीनी हॉट चॉकलेट :** अर्जेंटीना में अलग प्रकार की हॉट चॉकलेट मिलती है, जिसमें चॉकलेट ही नहीं मिलाई जाती है। इसके बजाय परोसते वक्त इसके साथ चॉकलेट अलग से दी जाती है। इसे बनाने के लिए एक कप में गर्म दूध, वेनीला का अर्क और चीनी डालकर मिला लें। अब इसके साथ एक टुकड़ा डार्क चॉकलेट परोसें और पीने से तुरंत पहले इसे मिला लें।

**मसालेदार हॉट चॉकलेट :** हॉट चॉकलेट केवल मीठी ही नहीं, बल्कि मसालेदार भी होती है। मेक्सिको के लोग अपनी हॉट चॉकलेट में मिर्ची डालते हैं, जिससे उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। इसे बनाने के लिए एक पैन में दूध और कोको पाउडर डालकर उसे पकने दें। अब इसमें चीनी, दालचीनी पाउडर और वेनीला का अर्क डालें और ऊपर से चुटकीभर लाल मिर्च छिड़क दें।



## 50 की उम्र के बाद न करें इन खाद्य पदार्थों का सेवन वरना हो सकता है नुकसान

मानव शरीर 50 साल की उम्र के बाद कमजोर होना और ढलना शुरू हो जाता है। इस दौरान हड्डियों की डेंसिटी कम हो जाती है, त्वचा पतली हो जाती है, हार्मोनल बदलाव आते हैं और सोचने-समझने की क्षमता कम होने लगती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में बदलाव करने चाहिए और केवल पौष्टिक भोजन ही खाना चाहिए। 50 साल की उम्र के बाद इन खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर दें, आपका शरीर आपको शुक्रिया कहेगा।

**ज्यादा नमक वाले खाद्य पदार्थ :** 50 के होने के बाद आपको ज्यादा सोडियम युक्त भोजन नहीं खाना चाहिए। यह उम्र से संबंधित ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या को और खराब करता है, जिससे दिल, दिमाग और किडनी पर दबाव पड़ता है। इससे दिल का दौरा, धड़कन रुकने, स्ट्रोक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में भोजन में कम नमक डालें और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर दें। बाहर का खाना भी ऐसा चुनें, जिसमें नमक कम हो।

**मैदा से बना कोई भी आइटम :** मैदा हर किसी की डाइट



का हिस्सा होती है। हालांकि, 50 साल की उम्र के बाद पिज्जा, भटूरे और मैदे युक्त अन्य पकवानों से दूरी बनाने का समय आ जाता है। इस आटे में फाइबर और अन्य पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इससे मधुमेह, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जो इस उम्र में होने वाली बीमारियां हैं। मैदा ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल को भी अचानक बढ़ा देता है।

**मीठे पेय :** कभी-कभी चाय और कॉफी पीना ठीक है। हालांकि, 50 साल के बाद रोजाना मीठे पेय का सेवन करना खतरे की घंटी हो सकता है।

सोडा, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट वाले जूस और एनर्जी ड्रिंक जैसे पेय ज्यादा कैलोरी और चीनी से भरपूर होते हैं। इन्हें पीने से शुगर का स्तर बढ़ जाता है, जिससे अचानक बहुत ज्यादा ऊर्जा महसूस होती है। ये बाद में थकावट पैदा कर सकती हैं, वजन बढ़ा सकती हैं और मधुमेह का कारण बन सकती हैं।

### तला-भुना व मसालेदार भोजन

फ्रेंच फ्राइज, बर्गर, टिक्की, चाट और पकौड़े जैसे तले-भुने व मसालेदार भोजन लजीज तो बहुत होते हैं। हालांकि, ये आपको बीमार कर सकते हैं और पुरानी बीमारियों के लक्षणों को और भी बढ़ा सकते हैं। ये पकवान अतिरिक्त वसा और कैलोरी से भरपूर होते हैं, जो मोटापे समेत कई समस्याएं खड़ी करने का कारण बन सकती है। 50 साल की उम्र के बाद शरीर वसा को धीरे जला पाता है। ऐसे में तले-भुने व्यंजन आपको आलसी बना सकते हैं।

### शराब

50 साल की उम्र के बाद शराब से परहेज करना चाहिए। इस उम्र में शराब शरीर के अंदर ज्यादा समय तक रुकती है, जिससे ज्यादा नशा होता है। इससे दिल, लिवर और किडनी की बीमारियां हो सकती हैं और प्रतिरक्षा पर असर पड़ सकता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space
WE ORGANISE : Marriage Functions, Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Shree Shivam Steel Enterprises
MO:- 9713234611, 9926907736, 9630491800
Add. Shop No 05, In Front Of Theresian School, Kandul Road, Boriya Khurd- Raipur
Rose Gold Railing, Golden color Railing, Aluminium Profile, Steelness Glass Railing, Normal Railing, Slim Profile, Domal Window, Bathroom Shower, 12mm Glass Partition, Vadruf, Aluminium Window

गंजेपन से पाएं आजादी
सिर्फ 1 घण्टे में
राजगढ़ द ब्यूटी सलोन एवं हेयर विग सेंटर
(पुरुष एवं महिला के लिए)
● Hair Patch ● Hair Extension ● Hair Wig ● Hair Topper
पहले बाद में
पता: राधा कृष्ण मंदिर के पास, टिकरापारा थाना, मेन रोड, छत्तीसगढ़ नगर, रायपुर, मो. 9926943380

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## केट का खुलासा, टीनएज में लड़की के साथ था रिलेशनशिप



टाइटैनिक से पॉपुलर हुईं एक्ट्रेस केट विन्सलेट ने हाल ही में अपने पहले इंटिमेट एक्सपीरियंस को शेयर किया. वहीं उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने सेम सेक्स के साथ भी इंटिमेट एक्सपीरियंस शेयर किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने टीनएज के आखिरी सालों में "जिज्ञासु" थीं और वह 1994 की फिल्म 'हेवनली क्रिएचर्स' में अपने किरदार से खुद को जोड़ पाईं, जो दो टीनएज लड़कियों के बीच सब कुछ खत्म कर देने वाले और जुनूनी रिश्ते के बारे में थी, जो कि फीमेल फर्स्ट यूके' की रिपोर्ट में बताया गया है। द टेलीग्राफ के अनुसार, उन्होंने टीम डीकिंस पॉडकास्ट में बताया, 'मैं कुछ ऐसा शेयर करूंगी जो मैंने पहले कभी शेयर नहीं किया।' उन्होंने आगे कहा, एक यंग टीनएजर के तौर पर मेरे कुछ पहले इंटिमेट एक्सपीरियंस असल में लड़कियों के साथ थे। मैंने कुछ लड़कियों को किस किया था, मैंने कुछ लड़कों को भी किस किया था, लेकिन मैं किसी भी दिशा में खास आगे नहीं बढ़ी थी। लेकिन, अपनी जिंदगी के उस पड़ाव पर मैं जानना चाहती थी और मुझे लगता है कि उन दो महिलाओं के बीच जो बहुत गहरा रिश्ता था उसे मैं बहुत अच्छे से समझती थी। मैं तुरंत उस दुनिया के भंवर में खिंची चली गई, जिसमें वे थीं, जो जाहिर है उन दोनों के लिए बहुत ज्यादा नुकसानदायक साबित हुई। केट ने आगे कहा, मेरा मतलब है कि उन्होंने किसी का मर्डर कर दिया, क्योंकि उन्हें सच में विश्वास था कि वह इंसान उन्हें एक साथ रहने से रोक रहा था।

### टॉलीवुड

## सुबह चार बजे नहीं होगा 'जन नायकन' का पहला शो



थलापति विजय अपनी अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' को लेकर चर्चा में हैं। यह उनकी आखिरी फिल्म हो सकती हैं क्योंकि वह एक्टिंग छोड़कर राजनीति पर ध्यान देना चाहते हैं। पहले ऐलान किया गया था कि 'जन नायकन' के मेकर्स को रिलीज के दिन सुबह 4 बजे ही पहला शो दिखाने की इजाजत मिल गई है। अब मेकर्स ने जानकारी दी है कि फिल्म का पहला शो 4 बजे से नहीं शुरू होगा। एसएसआर एंटरटेनमेंट्स के नए बयान में कहा गया है कि सिनेमाघरों में 'जन नायकन' का पहला शो सुबह 4.00 बजे के बजाए 6.00 बजे से शुरू होगा। बयान में कहा गया 'हमने केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 4.00 बजे दिखाने के लिए हर संभव कोशिश की है। शुरुआत में, प्रोड्यूसर की तरफ से सुबह 4.00 बजे के शो के लिए परमिशन दी गई थी। हालांकि, मौजूदा हालात और तमिलनाडु में सामने आ रही कुछ दिक्कतों की वजह से, सुबह 4 बजे के शो को मंजूरी नहीं मिल पाई।' बयान में आगे कहा गया 'इसलिए, केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 6 बजे होगा। आपको हुई असुविधा के लिए हम केरल के सभी थलापति फैंस से दिल से माफी मांगते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि 9 जनवरी को सुबह 6बजे के शो को फैंस पूरे दिल से सपोर्ट करेंगे और इसे कामयाब बनाएंगे।' जन नायकन में पूजा हेगड़े, मामिता बैजू, प्रकाश राज, बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन और अन्य कलाकार भी होंगे। विजय अपनी नई पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के साथ 2026 के तमिलनाडु चुनावों में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं, इसलिए यह उनकी आखिरी फिल्म होगी।

### भोजपुरी

## 'बेडरूम में राजा' पवन सिंह का नया रोमांटिक गाना रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के 'पावर स्टार' एक्टर और सिंगर, पवन सिंह का नया रोमांटिक गाना 'बेडरूम में राजा' रिलीज हो चुका है। नए साल के मौके पर इस गाने को वीजीएम म्यूजिक चैनल पर जारी किया है। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बीच की प्रतिस्पर्धा किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे से उलझे रहते हैं। 'बेडरूम में राजा' गाने को पवन सिंह ने भोजपुरी संगीत की सेंसेशन शिल्पीराज के साथ गाया है। जबकि म्यूजिक वीडियो में उनके साथ अपर्णा मलिक दिख रही हैं। पवन सिंह और अपर्णा की केमेस्ट्री देखने लायक है। खासकर रोमांटिक अंदाज में दोनों दिल लूट रहे हैं। गीत के बोल भी मस्ती और रोमांटिक मिजाज में चार-चांद लगा रहे हैं। गाने की शुरुआत बेडरूम से होती है। जहां अपर्णा मलिक कहती हैं, 'हां... बेडरूम में राजा घुस जाला... मना जब करी रूस जाला।' इस पर पवन सिंह उन्हें जवाब देते हैं, 'प्यार बरसावे द ना, तनी लगावे दा न किवाड़ी रानी जी... खोल द... खोल द... कमरिया से साड़ी रानी जी।' गाने के ये बोल रोशन सिंह विश्वास ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक प्रियांशु सिंह ने दिया है। कोरियोग्राफी गोल्डी जायसवाल की है और वीडियो के डायरेक्टर विभांशु तिवारी हैं।

## विंटेज गाउन बनकर बिखेर गईं चमक

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर आते ही आलिया भट्ट अपनी अदाओं का जलवा बिखेर गईं। हसीना ने 32 साल पुरानी ब्लैक विंटेज ड्रेस पहन अपना काला जादू चलाया, जिसके सामने बाकी हसीनाओं का ग्लैमर धरा का धरा रह गया।

लाइफ स्टाइल




# महिलाएं कॉर्सेट ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं इस तरह के लेटेस्ट बॉटम वियर

कॉर्सेट ब्लाउज एक ऐसा परिधान है, जो कुछ सालों से लोकप्रिय हो रहा है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है, बल्कि कमर को पतला दिखाने में भी मदद करता है। कॉर्सेट ब्लाउज को साड़ी और गाउन आदि जैसे कई तरह के कपड़ों के साथ स्टाइल किया जा सकता है। हालांकि, इसके साथ सही बॉटम वियर पहनकर आप सबसे सुंदर दिख सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आप कॉर्सेट ब्लाउज के साथ कौन-से बॉटम वियर पहन सकती हैं।

**काली या फिर नीली जींस :** कॉर्सेट ब्लाउज के साथ जींस पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। चाहे आप काली जींस चुनें या नीली, दोनों ही आपके लुक को खास बनाएंगी। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक थोड़ा अलग दिखे तो हाई वेस्टेड जींस का चयन करें। इससे आपकी कमर और भी ज्यादा पतली नजर आएगी। इसके अलावा आप चौड़े पैर वाली जींस भी चुन सकती हैं,



जो कुछ सालों से सबसे ज्यादा प्रचिलित है।

**पश्चिमी व पारंपरिक लुक देगा प्लाजो:** प्लाजो एक पारंपरिक बॉटम वियर है, जिसे आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज के साथ पहनकर सुंदर दिख सकती हैं। यह मेल न केवल आपको पश्चिमी और पारंपरिक लुक का मेल देगा, बल्कि बहुत ही आरामदायक भी रहेगा। प्लाजो की चौड़ी फिटिंग आरामदायक होगी। ऊपर के कसे हुए कोर्सेट के साथ ढीले प्लाजो का मेल सबसे खूबसूरत लगता है। आप इसके साथ हील वाली सैंडल पहन सकती हैं, ताकि प्लाजो गंदा न हो।

### एक अनोखा विकल्प धोती पैंट्स

धोती पैंट्स एक अनोखा विकल्प हो सकता है, जिसे आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज के साथ आजमा सकती हैं। यह पारंपरिक और आधुनिकता का मेल है, जो आपके लुक को बेहद खास बनाएगा। धोती पैंट्स की ढीली फिटिंग आपके लुक को एक अलग ही अंदाज दे सकती है। आप धोती पैंट्स को अलग-अलग रंगों और डिजाइन में चुन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक बन जाएगा।


### एंकल लेंथ पैंट्स

एंकल लेंथ पैंट्स भी कॉर्सेट ब्लाउज के साथ अच्छी लगती हैं। ये पैंट्स आपके टांगों को लंबा दिखा सकती हैं और आपके लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। आप इन्हें किसी भी प्रकार की एसेसरीज के साथ पहन सकती हैं। एंकल लेंथ पैंट्स आरामदायक होती हैं और रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त रहती हैं। इन सभी विकल्पों से आप अपने कॉर्सेट ब्लाउज को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नया लुक पा सकती हैं।

# सर्दियों में महिलाएं शॉल को जींस और टॉप के साथ ऐसे करें स्टाइल

फैशन





सर्दियों में ठंड से बचने के लिए महिलाएं कई तरह के कपड़े पहनती हैं। इनमें से शॉल एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। जींस और टॉप के साथ शॉल पहनने का तरीका जानना जरूरी है ताकि आप हर मौके पर सही लुक पा सकें। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिससे आप जींस और टॉप के साथ शॉल को अच्छे से पहन सकें।

**एक ही रंग की जींस और टॉप पहनें :** जब आप शॉल को जींस और टॉप के साथ पहनें तो एक ही रंग की जींस और टॉप चुनें। इससे आपका लुक बहुत ही सादा और आकर्षक लगेगा। उदाहरण के लिए अगर आपकी जींस नीली है तो नीले रंग का टॉप भी चुनें। इससे आपका लुक एकसार दिखेगा और आप ज्यादा फैशनेबल लगेंगी। इसके अलावा एक ही रंग के कपड़ों से आपका लुक ज्यादा मनोहर लगेगा और आप आरामदायक भी महसूस करेंगी।

**हल्के रंग की शॉल चुनें :** हल्के रंग की शॉल सर्दियों में खासतौर पर आकर्षक होती हैं क्योंकि ये न केवल आपको गर्म रखती हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी निखारती हैं। सफेद, हल्का गुलाबी या हल्का नीला जैसे रंग आपकी जींस और टॉप के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। इन रंगों से न केवल आप स्टाइलिश दिखेंगी बल्कि ठंड से भी बच सकेंगी। हल्के रंगों की शॉल पहनकर आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

**शॉल को अलग-अलग तरीके से बांधें :** शॉल को बांधने के कई तरीके होते हैं, जिन्हें आप अपने स्टाइल के हिसाब से चुन सकती हैं। उदाहरण के लिए, आप इसे कंधे पर डाल सकती हैं या इसे गर्दन के चारों ओर लपेट सकती हैं। इससे आपका लुक अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग लगेगा और आप हर बार नई तरह से स्टाइल कर सकेंगी। इसके अलावा आप इसे बेल्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।


**गहनों का ध्यान रखें :** गहने आपके लुक को पूरा करते हैं इसलिए इन्हें नजरअंदाज न करें। अगर आपकी शॉल हल्की होती है तो आप बड़े झुमके या चेन पहन सकती हैं, वहीं भारी शॉल के साथ साधारण गहने बेहतर दिखेंगे। इसके अलावा आप कमरबंद या बैग का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। सही गहनों के साथ आपकी शॉल और जींस-टॉप का मेल और भी खूबसूरत बनेगा, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश दिखेंगी।

**जूतों पर ध्यान दें :** जूते भी आपके पूरे लुक में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए इन्हें सही तरीके से चुनें। अगर आप ठंड से बचना चाहती हैं तो बूट्स बेहतर विकल्प हो सकते हैं क्योंकि ये न केवल गर्म रखते हैं बल्कि स्टाइलिश भी लगते हैं, वहीं अगर आप आरामदायक रहना चाहती हैं तो फ्लैट्स या स्नीकर्स भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

# आपको 10 साल बड़ा दिखा सकती हैं फैशन से जुड़ी ये गलतियां, करने से बचें

जो कपड़े हम पहनते हैं, वे हमारे लुक को बना या बिगाड़ सकते हैं। सही कपड़े न चुनने से न केवल लुक खराब होता है, बल्कि आप उम्र से ज्यादा बड़ी भी दिख सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनकी वजह से आप 10 साल बड़ी लग सकती हैं। इन्हें सुधारकर आप बेहद खूबसूरत तो लगेंगी ही, साथ ही जवान भी दिखाई देंगी।

**गलत रंगों वाले कपड़े चुनना :** जरूरी नहीं होता कि हर एक रंग आपके ऊपर अच्छा ही लगे। कुछ रंग ऐसे भी होते हैं, जो आपके चेहरे को डल और उम्रदराज दिखा सकते हैं। गहरे, मटमैले या ज्यादा चटक रंगों वाले कपड़े चेहरे की महीन रेखाओं को उभार सकते हैं। अपना कलर एनालिसिस करवाएं, जिससे आपको पता चल जाएगा कि आप पर किन रंगों वाले कपड़े अच्छे नहीं लगते। जवान दिखने के लिए क्रीम, सफेद, न्यूड और पेस्टल जैसे हल्के रंगों वाले कपड़े चुनें।



### सही फिटिंग वाले कपड़े न पहनना

भले ही इन दिनों ढीले कपड़ों का चलन हो, लेकिन आपको अपनी फिटिंग के कपड़े चुनने चाहिए। सही फिटिंग के कपड़े न पहनने से आपका शरीर मोटा लग सकता है और आप ज्यादा बड़ी दिख सकती हैं। ऊपरी शरीर से लेकर पैरों तक, सारे कपड़े ढीले पहनने से बचें।

### आउटडेटिड ट्रेंड का पालन करना

मौसम और साल के साथ-साथ फैशन ट्रेंड भी बदलते हैं। अगर आप अब भी आउटडेटिड हो चुके ट्रेंड का पालन कर रही हैं तो आज ही यह आदत बदलें। पुराने ट्रेंड अपनाने से आप बड़ी तो लगेंगी ही, साथ ही आपका लुक भी खास नहीं लगेगा। आपको स्किनी जींस, पैच वाले कपड़े, चमकीले कपड़े, पुराने स्टाइल और पैटर्न वाले कपड़ों को अपनी अलमारी से निकाल देना चाहिए।

# ओवरसाइज शर्ट को भी ऐसे पहनकर लगें स्टाइलिश, हर मौके पर बैठती है फिट

ओवरसाइज शर्ट एक ऐसा परिधान है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाता है। चाहे आप इसे ऑफिस में पहनें या दोस्तों के साथ बाहर जाएं, यह हर मौके पर फिट बैठती है। सही तरीके से इसे स्टाइल करने पर आप हमेशा आकर्षक दिख सकती हैं।

**जींस के साथ करें मेल :** ओवरसाइज शर्ट को जींस के साथ पहनना एक बेहतरीन तरीका है। यह मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है। आप चाहें तो शर्ट को बाहर की ओर टक कर सकती हैं या फिर इसे पूरी तरह से बाहर निकालकर पहन सकती हैं।

**स्कर्ट के साथ आजमाएं :** ओवरसाइज शर्ट को लंबी स्कर्ट के साथ पहनकर आप एक खूबसूरत



और अलग लुक पा सकती हैं। इस मेल में शर्ट को बाहर की ओर पहनें और लंबी स्कर्ट के साथ इसे मिलाएं। आप चाहें तो रंगों में विपरीतता भी चुन सकती हैं, जैसे सफेद शर्ट के साथ काली लंबी स्कर्ट या नीली शर्ट के साथ ग्रे लंबी स्कर्ट।

**शॉर्ट्स के साथ करें स्टाइल :** गर्मियों में ओवरसाइज शर्ट को शॉर्ट्स के साथ पहनना बहुत ही आरामदायक होता है। यह मेल न केवल आपको ठंडक देता है बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है। आप चाहें तो रंगों में विपरीतता भी चुन सकती हैं, जैसे सफेद शर्ट के साथ काली शॉर्ट्स या नीली शर्ट के साथ ग्रे शॉर्ट्स।


**लेगिंग्स के साथ आजमाएं :** अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो ओवरसाइज शर्ट को लेगिंग्स के साथ आजमाएं। यह मेल आपको एक अलग और आकर्षक लुक देगा। आप चाहें तो शर्ट को बाहर की ओर टक कर सकती हैं या फिर इसे पूरी तरह से बाहर निकालकर पहन सकती हैं। इसके अलावा आप शर्ट के बटन खोलकर इसे खुला भी रख सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

कार्नर न्यूज

**सही तरीके से पहनने और स्टाइल करने से आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं**

ऊनी ड्रेस सर्दियों में सबसे आरामदायक और आकर्षक विकल्पों में से एक है। यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती है। ऊनी ड्रेस को सही तरीके से पहनने और स्टाइल करने से आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं। इस लेख में हम कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी ऊनी ड्रेस को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

# ऊनी ड्रेस को स्टाइल करने अपनाएं ऐसे तरीके, ठंड से भी बचें और खूबसूरत भी लगें



### सही रंग का चुनाव करें

ऊनी ड्रेस चुनते समय रंग का चुनाव बहुत जरूरी होता है। गहरे रंग जैसे काले, भूरे या गहरे नीले सर्दियों में बहुत अच्छे लगते हैं क्योंकि ये ठंड के मौसम में गर्माहट का एहसास देते हैं। इसके अलावा अगर आप थोड़े चमकीले रंगों को पसंद करती हैं तो लाल, हरा या नीला भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। रंग का चुनाव करते समय अपने पसंद और मौके का भी ध्यान रखें।

### सही माप चुनें

ऊनी ड्रेस की माप बहुत जरूरी होती है। अगर आपकी ड्रेस ढीली होगी तो वह आपको अच्छा नहीं लगेगी और अगर बहुत कसी हुई होगी तो आरामदायक नहीं होगी। इसलिए हमेशा अपनी शारीरिक बनावट के अनुसार सही माप लें। सही माप वाली ड्रेस न केवल आपको आराम देगी बल्कि आपको आत्मविश्वास भी देगी। इसके अलावा यह आपके शरीर की प्राकृतिक सुंदरता को भी उभारती है और आपको हर अवसर पर खास दिखाती है।

### गहनों का मेल करें

ऊनी ड्रेस के साथ सही गहने पहनना भी जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। अगर आपकी ड्रेस लंबी है तो छोटे-छोटे गहने जैसे कान की बालियां या पतली चेन पहन सकती हैं, वहीं अगर आपकी ड्रेस छोटी है तो बड़े गहने जैसे झुमके या बड़े हार अच्छे लगेंगे। इसके अलावा कमर पर बेल्ट का उपयोग करके आप अपनी कमर को उभार सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।



### जूतों का ध्यान रखें

जूतों का चुनाव करते समय ध्यान रखना चाहिए कि वे आरामदायक होने चाहिए साथ ही आकर्षक भी दिखने चाहिए। सर्दियों में जूते सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये न केवल पैरों को गर्म रखते हैं बल्कि आकर्षक भी दिखते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो हाई हील्स या सपाट जूते भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे और आपको हर मौके पर खास दिखाएंगे।

### बालों की सजावट पर ध्यान दें

बालों की सजावट भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आपकी ड्रेस लंबी है तो खुले बाल बहुत अच्छे लगते हैं क्योंकि इससे आपका चेहरा खुला रहता है और आकर्षक लगता है, वहीं अगर आपकी ड्रेस छोटी है तो बालों को बांधकर पीछे की तरफ रखना अच्छा रहता है, जिससे आपका लुक साफ-सुथरा लगता है और ध्यान आकर्षित होता है।